संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 11 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 158 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में विकेट लेने के बाद साथ खिलाड़ी संग जश्न मनाते हुए रविंद्र जडेजा।

# ...तो पहलवान फिर धरने पर बैठेंगे

## 'सरकार बृजभूषण की गिरफ्तारी को तैयार नहीं', हम पर समझौते का दबाव, मुद्दा सुलझने तक एशियन गेम्स नहीं खेलेंगेः साक्षी

### प्रेशर डाला जा रहा

= हमें लगातार धमकी भरी कॉल आ रही हैं। कहा जा रहा है कि समझौता कर लो। नहीं तो पूरा करियर खत्म हो जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**रेसलर्स** और डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के विवाद में शनिवार को सोनीपत में खाप पंचायत हुई। इसमें साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया पहुंचे। दोनों ने खाप प्रतिनिधियों को गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से हुई मीटिंग के बारे में बताया। इस दौरान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें लगातार धमकी भरी कॉल आ रही हैं। कहा जा रहा है कि समझौता कर लो। नहीं तो पूरा करियर खत्म हो जाएगा। जबकि हम पहले दिन से ही कर रहे हैं कि बृजभूषण को कस्टडी में लिया जाए। वह बाहर रहेगा तो दूसरों पर प्रेशर रहेगा। पॉक्सो एक्ट वाली लड़की टूट चुकी है। धीरे-धीरे और भी लड़कियां टूट जाएंगीं। हम एशियन गेम्स तभी खेलेंगे जब ये सारा मुद्दा सुलझेगा। उन्होंने कहा कि मैं यह क्लियर कर देती हूं कि हम सब एक हैं। मैं, बजरंग और विनेश हम एक हैं और एक ही रहेंगे। विनेश के ना आने का रीजन है। कुछ इन्क्वायरी चल रही हैं। कुछ और लीगल कार्रवाई हैं। वह भी संभालनी पड़ती हैं। वहीं बजरंग ने कहा कि सरकार बृजभूषण की गिरफ्तारी के लिए तैयार नहीं है। केंद्र ने 15 जून तक का समय लिया है। कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बृजभूषण की गिरफ्तारी के लिए फिर से धरना दिया जाएगा। 15 के बाद 16 या 17 जून को जंतर-मंतर या रामलीला के मैदान पर दोबारा धरना किया जा सकता है। वहीं इस मामले में अब दंगल गर्ल गीता फोगाट के पर्सनल फिजियोथेरेपिस्ट परमजीत ने बृजभूषण पर नए खुलासे किए हैं। जिसमें दावा किया कि लड़कियों को रात में बृजभूषण की सिक्योरिटी वाली गाड़ियों में बाहर ले जाया जाता था।

**आधी रात को लड़कियां बाहर जाती थीं:** गीता फोगाट 2014 में मुझे अपना पर्सनल फिजियोथेरेपिस्ट बनाकर साई लखनऊ कैंप में ले गईं। मैंने देखा कि

### लड़कियों ने कहा- कोई चारा नहीं, फिर हमें हटा दिया

**मैंने** इस बारे में रात को बाहर जाने वाली लड़कियों से बात की। लड़कियों ने कहा कि इसके अलावा उनके पास कोई दूसरा चारा नहीं है। मैंने लगातार कंप्लेंट की तो अचानक मुझे लखनऊ के साई कैंप से छुट्टी दे दी गई।



### 'कैंप में बृजभूषण की पूरी टीम पहलवानों के पीछे'



**लखनऊ** के साई सेंटर में युवा महिला पहलवानों को फंसाया जाता है। कैंप में अनऑफिशियल रूप से 4-5 लोग रखे गए हैं। थोड़ा चोट लगने पर भी युवा पहलवानों को घर भेजने के नाम पर डराया जाता है। उन्हें कहा जाता कि हम नेताजी से मिलवाकर आपको घर जाने से रोक लेंगे। कैंप में बृजभूषण की एक पूरी टीम काम करती है।

**सीन री-क्रिएट करने पर टीएमसी को एतराजः** महिला पहलवान को क्राइम सीन री-क्रिएट करने के लिए दिल्ली में बृजभूषण के घर पर बने भारतीय कुश्ती संघ के ऑफिस में ले जाने पर तृणमूल कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। उन्होंने इसे महिला पहलवान को मानसिक आघात पहुंचाने की कार्रवाई करार देते हुए दिल्ली पुलिस पर सवाल खड़े किए। उन्होंने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल से घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर जिम्मेदार पुलिस अफसरों से जवाब मांगने को कहा। साकेत गोखले ने कहा, 'पीड़िता को यौन शोषण के आरोपी के घर ले जाना चौंकाने वाला है। दिल्ली पुलिस पहलवान को डराने की कोशिश कर रही है। ये कोई हत्या का मामला नहीं, जहां क्राइम सीन री-क्रिएट कराना हो। ये सीधे तौर पर महिला पहलवान के मन में डर पैदा किया जा रहा है क्योंकि आरोपी बृजभूषण को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।' दिल्ली पुलिस शुक्रवार को जंतर-मंतर पर धरने में शामिल एक महिला पहलवान को दिल्ली में ऑफिस लेकर पहुंची।

## नीतीश गजनी बन गए हैं, खुद को पीएम बताते हैं: सम्राट चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/अररिया**

**बिहार** भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी की तुलना आतंकी ओसामा बिन लादेन से की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ओसामा बिन लादेन की तरह दाढ़ी बढ़ाकर प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखते हैं। वो दाढ़ी बढ़ाकर सोच रहे हैं कि मोदी जी की तरह हम भी प्रधानमंत्री बन जाएंगे। अररिया के तेरापंथ भवन में बीजेपी के महा जनसंपर्क में सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी को हम लोग 50 साल का बच्चा मानते हैं। जो व्यक्ति 50 साल का हो और उसको राजनीतिक बुद्धि न हो उसके लिए हम क्या कर सकते हैं? दूसरी तरफ उनकी बहन हैं, जो कहती हैं कि वो कभी चुनाव लड़ेंगी ही नहीं। अब इसे लेकर भाई-बहन में ही विवाद हो गया है।

## कल्याण लोकसभा सीट को लेकर भाजपा-शिवसेना में विवाद



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**महाराष्ट्र** की कल्याण लोकसभा सीट को लेकर भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के कुछ नेताओं के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही हैं। स्थानीय भाजपा नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनावों में एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन नहीं देने का प्रस्ताव पारित किया। इसके जवाब में सीएम एकनाथ के बेटे श्रीकांत शिंदे ने कहा कि, यह अनबन सिर्फ स्थानीय नेताओं के बीच है। गठबंधन पर कोई असर न हो, इसके लिए मैं इस्तीफा देने के लिए भी तैयार हूं।

महाराष्ट्र में दोनों पार्टियों के बीच यह तकरार भाजपा के डोंबिवली पूर्वी मंडल के अध्यक्ष नंदू जोशी को लेकर है। जोशी के खिलाफ एक छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि जोशी को शिवसेना नेताओं ने राजनीतिक बदला लेने के लिए फंसाया।

## लव जिहाद के विरोध में गंगोत्री धाम के बाजार रहे बंद



**देहरादून।** लव जिहाद के बढ़ते मामलों से अब पहाड़ के जनपद सुलगने लगे हैं। बीते कुछ समय से जहां उत्तरकाशी, चमोली आदि अन्य जनपदों में लव जिहाद के खिलाफ जहां आम जन और व्यापारियों का दुकानें बंद कर प्रदर्शन किया जा रहा है वहीं इस कड़ी में आज गंगोत्री धाम के बाजार भी बंद रहे। स्थानीय लोगों, पुजारियों और व्यापारियों का कहना है कि गंगोत्री धाम में भी बाहरी गैर समुदाय के लोग भारी संख्या में है, जिनका सत्यापन कराना जरूरी है। उत्तराखंड में इन दिनों अचानक लव जिहाद के अनेक मामले सामने आये हैं। हालांकि इस पर सरकार की पैनी नजरें बनी हुई है और ऐसे अपराधियों को जेल भेजा जा रहा है, लेकिन राज्य के पहाड़ी जनपदों में आम जन इससे संतुष्ट नहीं है।

## अरब सागर में पहली बार आईएनएस विक्रमादित्य-विक्रांत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हिंद** महासागर में चीन के बढ़ते दखल का मुकाबला करने के लिए इंडियन नेवी ने शनिवार को अरब सागर में सबसे बड़ी एक्सरसाइज की। नेवी ने पहली बार अपने दोनों एयरक्रॉफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रमादित्य और INS विक्रांत को एक साथ समुद्र में उतारा। इन एयरक्रॉफ्ट से MiG-29K सहित 35 लड़ाकू विमान भी उड़ाए गए। साथ ही समुद्र के अंदर अपनी शक्ति दिखाने के लिए इंडियन नेवी ने सबमरीन की भी टेस्टिंग की। भारतीय नौसेना की पिछले कुछ सालों में अब तक की यह सबसे बड़ी एक्सरसाइज है। मिग के अलावा भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर MH60R, कामोव, सी-किंग, चेतक और ALH ने भी उड़ान भरी। इसके अलावा रात में भी एयरक्रॉफ्ट कैरियर से लड़ाकू विमानों ने टेक ऑफ किया।

## हरियाणाः सूरजमुखी किसानों को दी भावांतर भरपाई राशि



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने सूरजमुखी किसानों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को 36 हजार 414 एकड़ के लिए 8528 किसानों को अंतरिम भावांतर भरपाई राशि के रूप में 29 करोड़ 13 लाख 12 हजार रुपये की राशि डिजीटल माध्यम से सीधे किसानों के खातों में भेजी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सूरजमुखी किसानों के लिए सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। बाजार मूल्य के बारे में एक विस्तृत अध्ययन चल रहा है और एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद हम एक महत्वपूर्ण घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह दावा कर किसानों में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार को किसानों की परवाह नहीं है, यह पूरी तरह गलत है। हमारी सरकार निरंतर किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान सरकार की ओर से किसानों को सब्सिडी और मुआवजे के तौर पर लगभग 23,500 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 4287 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 6189 करोड़ रुपये, पराली प्रबंधन के लिए 103 करोड़ रुपये, फसल विविधीकरण के लिए 118 करोड़ रुपये और भावांतर भरपाई योजना के तहत 883 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

## राहुल बाबा विदेशों में भारत की बुराई करते हैं: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/पाटण**

**गृहमंत्री** अमित शाह शनिवार को गुजरात के पाटण जिले के सिद्धपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा जब भी वैकेशन के लिए विदेश जाते हैं तो वहां भारत की बुराई करते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा को अपने पुरखों से सीखना चाहिए कि देश की मिट्टी पर



देश की राजनीति की चर्चा की जाती है। अगर राजनीति की बात करना है तो देश में रहकर क्यों नहीं करते। किसी नेता को विदेश जाकर अपने ही देश की निंदा करना शोभा नहीं देता।

**यूपीए शासन के घोटाले जनता को अच्छी तरह से याद हैं:** अमित शाह ने मोदी सरकार के 9 साल की यूपीए शासन के 10 साल की तुलना करते हुए कहा- राहुल बाबा दुनिया भर में भारत को बदनाम कर रहे हैं। जबकि वे यूपीए के 10 साल को भूल गए। लेकिन देश की जनता को यूपीए शासन के दौरान हुए 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले आज भी अच्छी तरह से याद हैं। अगर बीजेपी के 9 साल के शासन काल की बात करें तो हमारे विरोधी भी हम पर आज तक भ्रष्टाचार का कोई आरोपी नहीं लगा सके हैं।

### निशाना साधा

= राहुल बाबा को अपने पुरखों से सीखना चाहिए कि देश की मिट्टी पर देश की राजनीति की चर्चा की जाती है : शाह

## लुधियाना में आधी रात को 7 करोड़ की लूट

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**

**पंजाब के** लुधियाना में 7 करोड़ से अधिक की लूट हो गई। देर रात 2 बजे 10 बदमाश हथियार लेकर राजगुरू नगर में एटीएम में कैश जमा करने वाली उटर सिक्योरिटी कंपनी के ऑफिस में घुसे। यहां तैनात 5 सिक्योरिटी गार्डों को उन्होंने बंदी बना लिया। इसके बाद तिजोरी के बाहर रखा 4 करोड़ कैश और ऑफिस के बाहर खड़ी गाड़ी ले गए। इस गाड़ी में 3 करोड़ से अधिक कैश था। इसके साथ सीसीटीवी की वीआरएस भी ले गए। बदमाशों के जाने के बाद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अलर्ट होने पर बदमाश गाड़ी को मुल्लांपुर के पास छोड़कर फरार हो गए।

## एटीएस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**

**गुजरात** पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने पोरबंदर से श्रीनगर के तीन युवकों और सूरत की एक महिला को गिरफ्तार किया है।

इनमें से एक विदेशी नागरिक है। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, चारों के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आईएसआईएस (के) से लिंक हैं। महिला के पास से




चार मोबाइल और अन्य डिजिटल डिवाइसेज भी बरामद की गई हैं। गुजरात एटीएस के आईजी दीपेन भद्रन ने बताया कि गिरफ्तार चारों शख्स आतंकी संगठन आईएसआईएस खुरासान के मॉड्यूल का हिस्सा हैं। ये पिछले एक साल से एक-दूसरे के संपर्क में थें और आईएसआईएस में शामिल होने के लिए देश से भागने की योजना बना रहे थे। ये सभी आईएसआईएस के मॉड्यूल पर काम करते हुए सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का काम कर रहे थे। साथ ही गुजरात से जुड़ी सीक्रेट इन्फॉर्मेशन विदेश भेज रहे थे।




**जंगल राज** | सत्ता पक्ष के गुंडे और बदमाश विपक्षी कार्यकर्ताओं को अपना शिकार बना रहे

# बंगाल पंचायत चुनाव....कांग्रेस वर्कर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में शुक्रवार शाम को एक कांग्रेस कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राज्य में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव होने हैं। ऐसे में हिसंक वारदातों को रोकने के लिए कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राज्यपाल को लेटर लिखकर स्टेट में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है। अधीर रंजन ने इस घटना को लेकर सत्ताधारी पार्टी टीएमसी पर भी आरोप लगाए। रंजन ने कहा- हम तृणमूल कांग्रेस को यह खून की राजनीति नहीं करने देंगे। टीएमसी बताए वह इस चुनाव में बुलेट इलेक्शन चाहती है



या बैलेट इलेक्शन।

**पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक कराने का अनुरोधः अधीर** रंजन ने राज्यपाल को लिखा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक कांग्रेस कार्यकर्ता फूलचंद शेख की बेरहमी से हत्या कर दी गई है और रेबिका बीबी नाम की एक महिला सहित दो अन्य अस्पताल में गंभीर हालत में हैं।

**सत्ता पक्ष के गुंडे विपक्षी कार्यकर्ताओं को बना रहे निशानाः** कांग्रेस सांसद ने आगे लिखा, जंगल का राज हर जगह है, जिसके तहत सत्ता पक्ष के गुंडे और बदमाश विपक्षी कार्यकर्ताओं को अपना शिकार बना रहे हैं।

### निशाना बना रहे

= टीएमसी बताए वह इस चुनाव में बुलेट इलेक्शन चाहती है या बैलेट इलेक्शनः कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी

# 'खेल हमारी दिनचर्या का हिस्सा बने'

## यदि खिलाड़ी खेल भावना से मेहनत, लगन, अनुशासन एवं समर्पण भाव से अभ्यास करे तो खेल के क्षेत्र में ऊंचा कैरियर भी बन सकता है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

पूर्वमंत्री डॉ0 कविता जैन ने कहा कि खेल हमारी दिनचर्या का हिस्सा बने, हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा और यदि खिलाड़ी खेल भावना से मेहनत, लगन, अनुशासन एवं समर्पण भाव से अभ्यास करे तो खेल के क्षेत्र में ऊंचा कैरियर भी बन सकता है। कविता जैन ने लिटिल एंजल्स स्कूल में बैडमिंटन हॉल में 14वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एशोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा कविता जैन को स्मृति चिह्न भी प्रदान किया। भाजपा प्रदेष उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा पहचानने के लिए खेलो इंडिया का आयोजन कर रही है ताकि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का मानदेय एवं ईनाम की राशि बढ़ाने से खेल के प्रति सम्मान बढ़ा है और प्रदेश के खिलाड़ी विष्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहाः- बालक वर्ग अंडर - 19 एकल मुकाबले में हर्षित, बालिका वर्ग में कोमल ने, बालिका वर्ग अंडर - 17 में नैन्सी ने, बालिका वर्ग अंडर 15 में अक्षिता ने, बालिका वर्ग अंडर 19 डबल्स मुकाबले में कोमल व तानिया, बालिका वर्ग अंडर 11 में विभूति व युगल मुकाबले में विभूति और परी, बालक वर्ग अंडर 15 में अखिल ने व मिक्स मुकाबले में अखिल व अक्षिता और बालिका में अचोर्ली और अंकिता, बालक वर्ग में अखिल और तन्मय, अंडर 19 मिक्स मुकाबले में हर्षित और तान्या, बालिका वर्ग अंडर 13 में हविषा व युगल मुकाबले में हविषा और विभूति ने स्वर्ण पदक जीते। मुख्य अतिथि कविता जैन ने सभी खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर स्कूल के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सचिव डॉ0 विषाल गर्ग व प्रधानाचार्या आषा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।





# केयू ने रोइंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर रचा इतिहास



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की रोइंग टीम के खिलाड़ियों ने गोरखपुर उत्तरप्रदेश में 27 से 30 मई के बीच आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 की रोइंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचा है। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विजेता खिलाड़ियों, खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती तथा टीम के कोच मस्तान सिंह को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विजेता खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।
रोइंग प्रतियोगिता के लाइट वेट पुरुष प्रतियोगिता में चार सदस्यीय खिलाड़ियों की टीमों ने 500 मीटर व 2 किलोमीटर रेस में सिल्वर मेडल हासिल किया। वहीं दो सदस्यीय खिलाड़ियों की टीमों ने 500 मीटर में सिल्वर तथा दो किलोमीटर रेस में कांस्य पदक जीतकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

# अपराधों को रोकने को पुलिस की आंख-कान बनकर काम करे आमजनः सुभाष

**8 अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है जिसके बिना यह काम असंभव है**



**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
यदि आमजन पुलिस की आंख-कान बनकर काम करे तो अपराधो को निश्चित रुप से रोका जा सकता है। अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है जिसके बिना यह काम असंभव है। कहा जाता है कि नशा ही सब अपराधों की जड़ है इसलिए नशे को समाप्त करना पुलिस और जनता का प्रथम कर्तव्य है । मौजूदा दौर में नशा समाज और देश को खोखला कर रहा है और देश का भविष्य युवा गर्त की ओर जा रहा है। यदि हम नशे पर काबू पा लेतें हैं तो काफी हद तक अन्य अपराध भी कम हो जायेंगे । यह बातें शुक्रवार को उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री सुभाष चन्द ने थाना केयूके एरिया में ग्रामीण भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों से बातचीत करते हुए कही। उप पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को थाना केयूके एरिया के गावं हथीरा का दौरा कर ग्रामवासियों को नशा, साईबर सुरक्षा,यातायात नियमो बारे जागरूक किया।

# 14 जून को टीकरी बॉर्डर पहुंचने पर सुरजेवाला का होगा भव्य अभिनंदन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )**कर्नाटक चुनाव में ऐतिहासिक व प्रचंड जीत के मुख्य सूत्रदार कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला 14 जून को हरियाणा में आ रहे है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कर्नाटक की प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत के बाद रणदीप सुरजेवाला हरियाणा में पधार रहें है। रणदीप सुरजेवाला का टीकरी बॉर्डर पर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। इसके अलावा रणदीप सुरजेवाला के सम्मान में बहादुरगढ़, सांपला, रोहतक, जुलाना, जींद, नरवाना व कैथल में अभिनंदन समारोह रखा गया है, जहां कार्यकर्ता उनका गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि नवनियुक्त प्रभारी दीपक बाबरिया व कर्नाटक प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनाने में नई दिशा का मार्गदर्शन करेंगे और आम जानता को साथ लेकर और उनके मुद्दे लेकर गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।



# किसानों पर किये गए लाठीचार्ज का जवाब जनता वोट की चोट से देगीः संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि शाहबद में जो किसानों पर सरकार की ओर से पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया है उसका जवाब हरियाणा की जनता वोट की चोट से देगी।
समाजसेवी संदीप गर्ग शनिवार को बाबैन के गांव ईशरहेड़ी में किसानों व लोगों से मिले। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इतनी गलत हरकत की है। जिसका खामियाजा मौजूदा सरकार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार सत्ता के नशे में चूर है। जिसके कारण आए दिन नए-नए फरमान जारी कर किसी को भी जेल में डालने का काम या फिर लाठी चलाने का काम कर रही है। परंतु सरकार को यह नहीं मालूम है कि जनता की वोट की ताकत इतनी बड़ी ताकत होती है कि सत्ता पलटते देर नहीं लगती। उन्होंने कहा कि अब मौजूदा सरकार का सत्ता से बाहर जाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि किसान 12 जून को पीपली में होने वाली महापंचायत में एकजुटता से सरकार को दिखा देंगे कि अब सत्ता परिवर्तन का समय शुरू हो गया है। मौके पर भारी संख्या में किसान व लोग मौजूद थे।

# सेफ सैनिकों ने मंदबुद्धि महिला को पहुँचाया आश्रम

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत के दिल्ली बहालगढ़ रोड पर फिम्स हस्पताल के पास एक रोशन नाम की मंदबुद्धि महिला भरी दोपहर मे तपती सड़क पर बैठी थी जिसे देखकर हर किसी का ह्रदय काँप जाये तब उस महिला को पूर्व जिला लोक संपर्क अधिकारी सुरेश सरोहा ने देखा और गाड़ी रोककर महिला को पानी आदि पिलाया और सोनीपत की अग्रणी समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला से संपर्क किया और महिला के बारे बताया, संजय सिंगला ने सेफ सैनिक सब इंस्पेक्टर जगत सिंह व ए एस आईं लाल सिंह की ड्यूटी लगाई और वो दोनों खाना, चप्पल और कपड़े आदि लेकर पहुंचे और अपना घर आश्रम बूदपुर की टीम को बुलाकर महिला की सरकारी हस्पताल मे जाँच करवाई और सम्बंधित थाने मे इतला देकर महिला को अपना घर महिला आश्रम मे भेजा, सब इंस्पेक्टर जगत सिंह ने बताया कि महिला ज्यादा पढ़ी लिखी थी।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही है पितृत्व लाभ योजना

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र** (दलबीर मलिक) उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के श्रमिक वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों के लिए हरियाणा पितृत्व लाभ योजना चलाई जा रही है। भवन एवं निर्माण असंगठित श्रम कल्याण बोर्ड की ओर से यह योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत असंगठित क्षेत्र के सभी पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के जन्म पर 21 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है।



उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए असंगठित वर्ग के श्रमिकों को अपना पंजीकरण करवाना होगा।

**8 असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों के लिए हरियाणा पितृत्व लाभ योजना चलाई जा रही है**

पंजीकरण करवाने के बाद हरियाणा पितृत्व लाभ योजना के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए श्रम विभाग की अधिकारिक वेबसाईट एचआरवाईलेबर.जीओवी.इन पर आवेदन करना होगा। यह योजना हरियाणा के पंजीकृत श्रमिकों के परिवार की भलाई के लिए है। एक श्रमिक के परिवार में शिशु जन्म पर पत्नी और संतान को अच्छा स्वास्थ्य और बेहतर खानपान मिल सके, इसी के लिए उसको 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इससे गरीब श्रमिक के बच्चे और पत्नी को भी बेहतर पोषण मिल सकेगा। सामान्य स्थिति में बहुत से श्रमिकों के लिए अपने परिवार को संतान जन्म पर अच्छी खुराक देना मुश्किल होता है। राज्य सरकार की इस पितृत्व लाभ योजना के सहारे श्रमिक को अपनी पत्नी और संतान के भरण-पोषण के लिए अनुदान प्राप्त होगा।

# 'जी-20 की अध्यक्षता देशवासियों के लिए गौरव का विषय'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारत की** अध्यक्षता में जी-20 कार्यक्रमों के बारे में लोगों में रूचि और जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य के सभी 22 जिलों में एन ई पी 2020,एनसीएफ, निपुण हरियाणा तथा एफ एल एन जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है ' इन सभी आयोजनों का मुख्य उद्देश्य पुणे में होने वाली जी-20 की एजुकेशन मीट के प्रति बच्चों, शिक्षकों और युवाओं सहित आम लोगों में रूचि. जागरूकता और भागीदारी पैदा करना है इसी क्रम में दिनांक 11 जून 2023 को एस डी कॉलेज अंबाला छावनी के वातानुकूलित सभागार में जिला मौलिक शिक्षा विभाग अम्बाला द्वारा एक जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ' इस बारे और अधिक जानकारी देते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि इस वर्ष जी - 20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है यह देशवासियों के लिए गौरव का विषय है। इसलिए जिला मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा भी इस विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि सतिंदर सिवाच एस डी एम अम्बाला छावनी होंगे ' कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ता जी 20, निपुण हरियाणा मिशन,



एफ एल एन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020, और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क बारे अपने व्याख्यान देंगे ' कार्यक्रम में इन्हीं विषयों पर एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की जाएगी ' वर्ष 2022-23 के दौरान जिन प्राथमिक अध्यापकों द्वारा बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने के लिए जिस अध्यापन सामग्री का निर्माण किया गया उसकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी ' उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में खण्ड तथा जिला स्तरीय पहाड़े प्रतियोगिताओं के छात्र और शिक्षक विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा ' इसी प्रकार जिला मौलिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में चल रहे एफ एल एन कार्यक्रम का बेहतर ढंग से संचालन व क्रियान्वन करने वाले प्रशिक्षकों, अध्यापकों तथा मेंटर्स को भी सम्मानित किया जायेगा।

# पिपली खेड़ा की डिस्पेंशरी से हाजरी रजिस्ट्रर चोरी

**गन्नौर।** पिपली खेड़ा स्थित डिस्पेंशरी से हाजरी का रजिस्ट्रर चोरी हो गया। डिस्पेंशरी पर तैनात मेडिकल आफिसर ने चोरी की शिकायत थाना बड़ी पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में सीमा पुनिया ने बताया कि वह पिपली खेड़ा गांव स्थित डिस्पेंशरी पर मेडिकल आफिसर के पद पर कार्यरत है। उसने 8 जून की सुबह डिस्पेशरी जाकर 9 बजे रजिस्ट्रर में हाजरी लगाई और 10 बजे मूमेंट रजिस्ट्रर में मूमेंट भरकर बीडीपीओ कार्यालय मीटिंग में चली गई। वहां पर पिंरस और महावीर की डयूटी थी। जब वह मीटिंग से वापस आई तो देखा 4 बजे सब घर चले गए। अगली सुबह जब वह डिस्पेशरी पर आई और हाजरी लगाने के लिए रजिस्ट्रर देखा तो रजिस्ट्रर नही मिला।

# कम्युनिटी सेंटर में हुई सभी संगठनों की संयुक्त बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सभी संगठनों, विचारकों, बुद्धिजीवियों व समाज के अग्रणीय व्यक्तियों की एक संयुक्त बैठक नारायणगढ़ के कम्युनिटी सेंटर में हुई, जिसमें किसान यूनियन, सर्वकर्मचारी संघ, सीटू, महिला संगठन, छात्र संघर्ष मंच, किसान मजदूर इंकलाब संगठन सहित लगभग 10 संगठनों ने भाग लिया । सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने देश के वर्तमान हालात पर चिंता जहीर की और वर्तमान परिस्थियों, समस्याओं पर अपने अपने विचार रखे । आज सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण हर वर्ग दुःखी है, देश में बेरोजगारी एक गम्भीर समस्या का रूप धारण कर चुकी है, देश का नाम रौशन करने वाले पहलवान यौन उत्पीड़न के खिलाफ न्याय के लिए सड़कों पर हैं, कर्मचारी सड़कों पर हैं, किसान सड़कों पर हैं, देश के संविधानिक ढांचे को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है । उपरोक्त सभी समस्याओं के लिए संघर्ष करने के लिए, सभी संगठनों की सहमति बनी है कि एक सांझा संगठन बनाया जाए, ताकि हम अपनी तमाम समस्याओं के लिए एक जुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकें । यह भी सहमति से पारित किया गया कि इस संयुक्त संघर्ष मंच का कोई भी लीडर प्रधान या सचिव नहीं होगा, सभी नेता इसका सम्मान रूप से नेतृत्व करेंगे । बैठक में हाल ही में सूरजमुखी के समर्थन मूल्य को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसनों पर लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की गई, सभी नेताओं ने किसानों की जायज मांगो का समर्थन किया और मांग की कि किसानों को फसलों का समर्थन मूल्य दिया जाए तथा गिफ्तार किये गए किसानों को तुरन्त रिहा किया जाए । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में मंच की रूप रेखा तैयार कर ली जाएगी । इस असर पर किसान मजदूर इंकलाब संगठन के एडवोकेट धर्मबीर ढींढसा, किसन युनियन के कर्मबीर तुर्का, सीटू के सतीश सेठी, टेक चन्द, रमेश कुमार, मास्टर राम नाथ, अमर नाथ ढींगरा सहित सभी संगठनों के नेताओं ने सम्बोधित किया ।



# योग के कारण भारत को विश्वगुरु का सम्मान प्राप्त हुआ: डॉ. सुमन लता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में कॉलेज प्राचार्या प्रोमिला मलिक की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी तथा यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योगा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय योगा शिविर का आयोजन किया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन लता ने कहा कि इस योग शिविर का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि योग के कारण भारत विश्वगुरु के पद को प्राप्त कर रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में आयुष विभाग से योगा प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह ने शिविर के दूसरे दिन शिक्षकों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स को मण्डूकासन, अर्धहलासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, उत्तानपादहस्तासन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, उतान मण्डूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शीतलीशीतकारी, उजयी आदि आसनों का अभ्यास करवाया तथा उनके महत्व के विषय में बताया गया।



# प्रदेश में बनेगी भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकारः सचिन

## कांग्रेस नेता सचिन कुंडू ने पानीपत ग्रामीण हलके के गांव रिसालु में चलाया जन संपर्क अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू ने शनिवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव रिसालु में पार्टी के हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत जनंसपर्क अभियान चलाया। वहीं गांव में पहुंचने पर कांग्रस नेता सचिन कुंडू का ग्रामीणों न पगड़ी पहनाकर व फूलमालाओं सेजोरदार स्वागत किया। सचिन कुंडू ने कहा कि आज भाजपा-जजपा सरकार से युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी व खिलाड़ी सहित हर वर्ग परेशान है। लेकिन अब देश व प्रदेश की जनता भाजपा की असलियत को पहचान चुकी है और जनता ने अब 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। वहीं कुंडू ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर कहा कि प्रदेश में अभियान का साकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लाट व दो कमरे बनाकर दिये जाएगे। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। महंगाई की मार से परेशान गृहणियों को 500 रूपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा ओबीसी वर्ग की आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रूपए की जाएगी। इस अवसर पर दीपक खटकड़, सतपाल रोड, तारा चंद मलिक,नरेश पूर्व सरपंच, सुरेंद्र पूर्व सरपंच, प्रियांश मलिक, विकास मलिक, हवा सिंह मलिक , सतबीर मलिक, राजबीर मलिक, मुकेश मलिक, पप्पू मलिक, आजाद मलिक, बलबीर मलिक, दिलबाग शर्मा, संजय मलिक, दीपक ,नीरज, एडवोकेट नवीन ,रोहताश, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित बिंझोल, हलका अध्यक्ष तेजिंद्र चंदौली व संदीप बुडशाम आदि मौजूद रहे।



# गठबंधन है और रहेगा, कोई दिक्कत नहीं है: सीएम

## सूरजमुखी किसानों को हरियाणा सरकार ने दी बड़ी राहत, मुख्यमंत्री ने 8528 सूरजमुखी किसानों को 29.13 करोड़ रुपये की अंतरिम भावांतर भरपाई राशि की जारी

**मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सूरजमुखी किसानों के लिए सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज सूरजमुखी किसानों को बड़ी राहत देते हुए 36414 एकड़ के लिए 8528 किसानों को अंतरिम भावांतर भरपाई राशि के रूप में 29 करोड़ 13 लाख 12 हजार रुपये की राशि डिजीटल माध्यम से सीधे किसानों के खातों में भेजी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सूरजमुखी किसानों के लिए सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। बाजार मूल्य के बारे में एक विस्तृत अध्ययन चल रहा है और एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद हम एक महत्वपूर्ण घोषणा करेंगे। उन्होंने कड़ा संदेश दिया कि कुछ लोग यह दावा कर किसानों में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार को किसानों की परवाह नहीं है, यह पूरी तरह गलत है। हमारी सरकार निरंतर किसानों के साथ है। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और हमारी सरकार ने जिस तरह की किसान हितैषी नीतियां शुरू की हैं और जो वित्तीय सहायता हम दे रहे हैं, वह पिछली सरकारों की तुलना में बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय काम किया है। हर साल एमएसपी बढ़ाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि केंद्र सरकार किसान हितैषी है। एमएसपी को लेकर सूरजमुखी किसानों और सरकार के बीच चल रहे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने एमएसपी पर बाजरा खरीदा, तो पता चला कि दूसरे राज्यों के किसान भी अपनी बाजरा की फसल हमारी मंडियों में बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे अंतरराज्यीय स्मगलिंग का मुद्दा पैदा हो गया। अब सूरजमुखी की खरीद में भी ऐसी ही संभावना पैदा हो रही है, इसलिए एहतियात के तौर पर हमने अंतरिम भरपाई की घोषणा की है, क्योंकि बाजार की दरों में उतार-चढ़ाव बना रहता है। उन्होंने कहा कि पहली बार सूरजमुखी की फसल की खरीद हमारी सरकार ने ही शुरू की थी।

### 'किसानों के नाम पर राजनीति करने वालों के बहकावे में न आएं किसान'

**मुख्यमंत्री** ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक लोग व किसान संगठन किसान शब्द को लेकर राजनीति कर रहे हैं और किसानों को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। इसलिए किसान ऐसे लोगों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि राजमार्गों को अवरुद्ध करना किसी बात का समाधान नहीं है। लोकतंत्र में हम किसी की स्वतंत्रता में बाधा नहीं डाल सकते। हमने किसानों के साथ सकारात्मक बातचीत की। अदालत की ओर से रास्ता खाली करवाने का आदेश दिया गया था और पुलिस ने अदालत के फैसले का पालन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार की ओर से किसानों को सब्सिडी और मुआवजे के तौर पर लगभग 23,500 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 4287 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 6189 करोड़ रुपये, पराली प्रबंधन के लिए 103 करोड़ रुपये, फसल

### 'फसल खराबे के लिए कांग्रेस से 8 गुना अधिक मुआवजा दिया'

**मुख्यमंत्री** ने वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में दी गई मुआवजा राशि की तुलना कांग्रेस से करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 1158 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया था। जबकि हमने अभी तक 9790 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में दिए हैं, जो कांग्रेस से 8 गुना अधिक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में किसानों को 2-2 रुपये के मुआवजे के चेक मिलते थे। जबकि हमने किसानों को कम से कम 500 रुपये का न्यूनतम मुआवजा सुनिश्चित किया है, भले ही एक एकड़ में कितने ही हिस्सेदार हों।

# 'हिसार मेरी कर्म भूमि, नहीं रहने दी जाएगी विकास में कोई कमी'

## उपमुख्यमंत्री ने किया पूरे शहर का दौरा, 30 से ज्यादा कार्यक्रमों में शहर वासियों ने किया अभूतपूर्व स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार में एलिवेटेड रोड व हिसार को एविएशन हब बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि दोनों ड्रीम प्रोजेक्ट हैं और समय पर पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि हिसार उनकी कर्म भूमि है और इसके विकास में कोई कमी नही रहने दी जायेगी। उपमुख्यमंत्री हिसार शहर में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय निवासियों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान शहर में 30 से ज्यादा कार्यक्रमों में व्यापारियों, अधिवक्ताओं सहित अलग अलग वर्गों के लोगों ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। एलिवेटेड रोड पर जल्द काम शुरू करवाने की बात कहते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एलिवेटेड रोड की जो ड्रॉइंग पहले बनाई गई थी, वह 11 मीटर चौड़ी थी और दो लेन मार्ग प्रस्तावित था लेकिन शहर के विकास व बढ़ती आबादी को देखते हुए इसकी प्रस्तावित चौड़ाई को नाकाफी बताया। उन्होंने कहा कि यदि इस पूर्व प्रस्तावित एलिवेटेड रोड पर एक भी वाहन ब्रेक डाउन हो गया तो पूरे शहर की व्यवस्था जाम हो जाएगी। इसलिए एलिवेटेड रोड की ड्रॉइंग के लिए दो ग्लोबल कंसलटेंट एजेंसी को फोर लेन रोड की सम्भावना को तलाशने के लिए हायर किया गया है जो कि इस माह के अंत तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। वहीं एविएशन हब को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चाहे कोई कुछ भी कहता रहे हिसार में एविएशन हब बनकर रहेगा और एयर इंडिया जैसी बड़ी कंपनियों के साथ सकारात्मक बात चल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व घोषणा के मुताबिक नवम्बर में रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत हिसार से हवाई सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी।

**हिसार को एविएशन हब बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि दोनों ड्रीम प्रोजेक्ट हैं**

हिसार से नौ रूट पर हवाई सेवाएं शुरू की जाएंगी। उनका प्रयास है कि यात्रियों की उपलब्धता के हिसाब से 48 सीटर हवाई जहाज भी हिसार हवाई अड्डे से उड़ान भरेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि नये टर्मिनल की ड्रॉइंग तैयार हो चुकी है जो कि 750 करोड़ की लागत से बनेगा और ढाई साल में बनकर तैयार हो जायेगा। एयरपोर्ट प्रारम्भ होने के बाद स्थानीय क्षेत्र के युवाओं के लिये नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि हिसार का रिंग रोड का काम पूरा करने के लिये राजगढ़ रोड से मिजार्पुर चौक के बीच फोरलेन सडक का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। इसके साथ साथ दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सूर्य नगर आरओबी भी जल्द पूरा हो जाएगा।
**ये घोषणाएं भी की:** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मॉडल टाउन में इनफार्मेशन कमिश्नर रहे पंकज मेहता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बताया कि जल्द ही हिसार शहर में 100 करोड़ से भी ज्यादा के विकास कार्य शुरू होने जा रहे हैं, जिनमें हिसार शहर की लगभग सभी सडके शामिल हैं।
निवासियों की मांग पर नगर निगम अधिकारियों को सेक्टर 9-11 का वैकल्पिक रास्ता तलाशने, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाकर तुरंत सीवरेज व्यवस्था सुधारने, सडक का निर्माण तथा पेयजल समस्या का समाधान करने की हिदायत दी।

# महेंद्रगढ़ को डिप्टी सीएम ने दिया तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**
महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इस हलके की चार सड़कों के सुधारीकरण के लिए 11 करोड़ 85 लाख 80 हजार राशि की मंजूरी दी है। इन चार सड़कों में सबसे अहम मुद्दा गांव नांगल सिरोही की खस्ताहाल सड़क का रहा है। सड़क पूरी तरह टूटी होने की वजह से आए दिन वहां हादसे हो रहे थे, वहीं सड़क किनारे दुकान व घरेलू मकान में रहने वाले ग्रामीण भी धूल मिट्टी व बरसात में कीचड़ से परेशान हो रहे थे। हलके की चारों सड़कों की अप्रूव्ल मिलने के बाद अब इनका टेंडर अलार्ट होगा और फिर सड़कों का सुधारीकरण करवाया जाएगा। जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि बीएंडआर विभाग की ओर से पिछले दिनों महेंद्रगढ़ हलका से

**निम्बी छाजियावास गांव की ओर जाने वाली सड़क के सुधारीकरण पर 1 करोड़ 74 लाख 4 हजार की राशि खर्च होगी**

जुड़ी सड़कों का एस्टीमेट तैयार किया था। इनमें से चार मुख्य सड़कों के सुधारीकरण की मंजूरी डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने दे दी है। इस बारे बीएंडआर विभाग के पास शनिवार पत्र भी आ गया है। इस पत्र के मुताबिक महेंद्रगढ़ विधानसभा की चार सड़कों पर 11 करोड़ 85 लाख 80 हजार की राशि खर्च होंगी। इनमें नांगल सिरोही से खेड़ी गांव की ओर जाने वाली सड़क पर 2 करोड़ 25 लाख 7 हजार खर्च होंगे। नारनौल-महेंद्रगढ़-दादरी सड़क मार्ग पर नांगल सिरोही से निम्बी छाजियावास गांव की ओर जाने वाली सड़क के सुधारीकरण पर 1 करोड़ 74 लाख 4 हजार की राशि खर्च होगी।

# किसानों के सामने भावांतर का झुनझुना बजा रही है बीजेपी-जेजेपी: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
किसान अपनी फसलों के लिए एमएसपी की मांग कर रहे हैं लेकिन बीजेपी-जेजेपी सरकार उनके सामने भावांतर का झुनझुना बजा रही है। जबकि एमएसपी किसानों का अधिकार है और भावांतर एक धोखा है। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा ने एमएसपी के 25 साल के आंकड़ों का लेखा-जोखा पेश करते हुए बताया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बीजेपी-इनेलो, बीजेपी और बीजेपी-जेजेपी की सरकारों के मुकाबले कहीं ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई। कांग्रेस ने एमएसपी बढ़ोत्तरी करके किसानों को लाभकारी मूल्य दिया, जबकि बीजेपी ने लागत में बढ़ोत्तरी जितना रेट भी नहीं बढ़ाया। हुड्डा ने कहा कि किसानों को एमएसपी नहीं दे पाने में नाकाम गठबंधन सरकार कभी पीपली, कभी हिसार, कभी



रोहतक तो कभी शाहबाद में किसानों पर लाठीचार्ज कर रही है। आज सूरजमुखी के किसान अपनी फसल का रेट लेने के लिए आंदोलनरत हैं। 6400 रुपये वाली सूरजमुखी लगभग 4000 रुपये प्रति क्विंटल में बिक रही है। वहीं सरकार कागजों में 1000 रुपये भावांतर देकर अपनी पीठ थपथपा रही है। जबकि भावांतर मिल भी जाए तो भी किसानों को 1000-1400 रुपये प्रति क्विंटल घाटा झेलना पड़ेगा। आखिर किसान के इस नुकसान की भरपाई कहां से होगी? मौजूदा सरकार की एमएसपी कागजों तक और मुआवजा पोर्टल तक सीमित है। किसानों के हिस्से सिर्फ सरकारी अत्याचार आता है।
मुख्यमंत्री द्वारा एमएसपी को लेकर किए गए दावों का जवाब देते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि 1999 से लेकर 2004 तक भाजपा-इनेलो गठबंधन की सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 14% वृद्धि यानी हर साल 2.3% की बढ़ोत्तरी हुई। वहीं, बीजेपी और बीजेपी-जेजेपी के 9 साल में धान की एमएसपी में सिर्फ 54.1% यानी 6% सालाना बढ़ोत्तरी हुई। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान 2005 से 2014 तक धान की एमएसपी में कुल 143% यानी हर साल 14.3% प्रतिशत की वृद्धि हुई। गेहूं की बात की जाए तो भाजपा-इनेलो सरकार ने कुल 10.3 % यानी सालाना 1.7% ही एमएसपी बढ़ाई।

# महिलाओं के लिए छोटी-छोटी बचत बन रही हैं बड़ा सहारा

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
छोटी-छोटी बचत जीवन में बड़ा सहारा बनती हैं। इसका उदाहरण महिला स्वयं सहायता समूह में देखा जा सकता है। बहल में विश्वास ग्रुप के नाम से बने महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी पुष्पा देवी के लिए छोटी बचत उनके बीमार पति की दवाइयों के लिए बड़ा सहारा बनी है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके स्वरोजगार शुरू करने के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह बनवाए जाते हैं। भिवानी जिले में स्वयं सहायता समूह की बात करें तो करीब 4260 महिला स्वयं सहायता समूह हैं। इनमें से भिवानी ब्लॉक में लगभग 1300, बवानीखेड़ा में 750, तोशाम 650, बहल में लगभग 285, कैरू में 325, सिवानी में 450 और लोहारू में करीब 300 महिला स्वयं सहायता



समूह हैं। महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा पापड़, अचार, चिप्स, फुटवियर, दरी बनाना, चूड़ियां बनाना आदि अनेक छोटे छोटे-छोटे काम मिलकर किए जाते हैं। एक महिला स्वयं सहायता समूह में लगभग 10 महिलाएं जुड़ी होती हैं। यह महिलाएं हर महीने होने वाली बचत को आपस में बांट लेती हैं। सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को डेढ़ लाख से 50 हजार तक की आर्थिक सहायता ऋण के रूप में दी जाती है। ब्लॉक बहल में विश्वास नाम से नाम से एक महिला स्वयं सहायता समूह काम कर रहा है। इस समूह की महिलाएं चूड़ियां बनाने का काम करती हैं। इस समूह की मुखिया सुमन है। उन्होंने बताया कि उनके समूह में उनके अलावा सुनीता, सुमन, लक्ष्मी, चंद्रकला, मंजू, सुखमा, मोनिका, गीता और सुनीता शामिल हैं। उन्होंने अभी शाही पनीर बनाने

**पापड़, अचार, चिप्स, फुटवियर, दरी बनाना, चूड़ियां बनाना आदि अनेक छोटे छोटे-छोटे काम मिलकर किए जाते हैं**

का काम शुरू किया है। उनका ग्रुप अपने नाम के अनुरूप पूरे विश्वास के साथ काम कर रहा है। डीपीएम शिखा राणा, बीपीएम दीपिका व बीसीसी सरोज वर्मा समय-समय पर समूह को और अधिक कामयाब बनाने के लिए मार्ग दर्शन देती रहती हैं। समूह में शामिल सभी महिलाएं जरूरतमंद है और सभी मेहनत से काम करती हैं। विश्वास समूह में काम कर रही पुष्पा देवी ने बताया कि उनके पति बांस की फैक्टरी में काम करते हैं, लेकिन कुछ समय से बीमार रहने लगे हैं। बीमार होने की वजह से उनके घर में दवाइयों का खर्च एकदम बढ़ गया। वह एक बार तो बहुत चिंतित हुईं।

# ऑफ ग्रिड सोलर पम्प की स्थापना में हरियाणा देश में अग्रणी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑफ ग्रिड सोलर पम्प की स्थापना में हरियाणा देश में अग्रणी राज्य है। वर्ष 2020-21 में 15,000 सोलर पम्प स्थापित कर हरियाणा देश में पहले स्थान पर रहा। अब तक 53 हजार सोलर पम्प स्थापित किए गए हैं। यह संख्या पीएम-कुसुम योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 50 हजार ऑफ ग्रिड सोलर पम्प से भी अधिक है। प्रदेश में स्थापित 53 हजार सोलर पम्पस से हर साल 29 करोड़ 50 लाख यूनिट बिजली की बचत हो रही है। इससे प्रदेश को 195 करोड़ रुपये की बचत हुई है। इन 53 हजार पंप में से जिला सिरसा और हिसार में 26 हजार से अधिक सोलर पंप लगे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब हमने जनसेवा का दायित्व संभाला तो राज्य में केवल 492 सोलर पंप थे। उसके बाद हमने सोलर पंप लगाने के लिए भरसक प्रयास किए। इस वित्त वर्ष के लिए भी 70,000 सौर पंपों की स्थापना करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम-कुसुम योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे थे। संवाद के दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिंचाई की जरूरतों की पूरा करने के लिए सरकार ने सोलर पंप देकर किसानों को बहुत बड़ा लाभ दिया है। इस योजना में सब्सिडी देकर किसानों को आर्थिक मदद तो मिली ही है, साथ ही कम पानी में अधिक पैदावार मिल रही है। यह बहुत अच्छी योजना है। सोनीपत से जुड़े एक लाभार्थी अमित ने कहा कि हमें विश्वास नहीं हो रहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री हमसे बात कर रहे हैं और हमारी समस्याएं सुन रहे हैं।

एक अन्य लाभार्थी अशोक कुमार, निवासी झज्जर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। किसानों को इनसे बहुत लाभ हो रहा है। लेकिन फिर भी कुछ लोग किसानों को बहका रहे हैं। एक अन्य लाभार्थी ने कहा कि शुक्रवार से जब से यह संदेश मिला है कि मुख्यमंत्री जी बात करेंगे, मैं तो कल से ही आपसे बात करने के लिए इंतजार कर रहा हूं। मनोहर लाल ने लाभार्थियों से अनुरोध किया कि वे अन्य किसान भाईयों को भी इस योजना के बारे में बताएं और उन्हें सौर पंप लगवाने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
**सोलर पंप की शिफ्टिंग के लिए बनाई जाएगी योजना-** संवाद के दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पंप शिफ्ट करने के दौरान गारंटी/वारंटी खत्म हो जाती है, जिससे कठिनाई आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रदेशभर में सोलर पंप की शिफ्टिंग के लिए कंपनी से बातचीत करके एक योजना तैयार की जाएगी, ताकि सोलर पंप सिस्टम की गारंटी/वारंटी कवर जारी रहे। अभी सोलर पंप सिस्टम पर 5 साल की गारंटी मिलती है।

# सत्संग भवन की आधारशिला रखी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय, श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री श्री अनूप धानक ने संत शिरोमणी कबीर साहेब की 625वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोनीपत में आयोजित कबीर जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश वासियों को संत कबीर जयंती की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने सोनीपत स्थित कबीर भवन में सत्संग हॉल की आधारशिला रखने के साथ-साथ कबीर भवन के प्रथम तल पर बनाई गई लाइब्रेरी एवं शिक्षा सदन का उद्घाटन किया। इसके अलावा राज्य मंत्री सतगुरु कबीर समाज कल्याण समिति को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। राज्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संत कबीर की शिक्षाएं व आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं, जिनका अनुकरण करना चाहिए। संत कबीर सरीखे व्यक्तित्व हजारों वर्षों में एक बार धरती पर जन्म लेते हैं, जिनका संपूर्ण जीवन मानव व मानवता के कल्याण को समर्पित रहता है। संत कबीर ने भी मानव के पथ प्रदर्शक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच


Dr. Singh examining a patient

आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे
DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसान बनेंगे आत्मनिर्भर और समृद्ध : हरविंद्र



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने केंद्र सरकार द्वारा खरीफ सीज? की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि करने के फैसले का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने धान, कपास और बाजरा सहित अन्य ख?ीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को ऐतिहासिक और अब तक की सबसे अधिक बढ़ोतरी करने वाला फैसला बताया।

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों के आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी और वह और आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेंगे। उन्होंने कहा कि धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति क्विंटल में 143 रुपये की बढ़ोतरी कर 2183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जबकि ए- ग्रेड धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2203 रुपए प्रति क्विंटल, मूंग के न्यूनतम समर्थन मूल्य 7755 रुपए प्रति क्विंटल में 803 रुपये की वृद्धि कर 8558 रुपए प्रति क्विंटल,मूंगफली के न्यूनतम समर्थन मूल्य 5850 रुपए प्रति क्विंटल में 527 रुपए की वृद्धि कर 6377 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी के न्यूनतम समर्थन मूल्य 6400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6760 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन का एम.एस.पी. 4300 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 4600 रुपए प्रति क्विंटल, कपास (मीडियम) का एम.एस.पी. 6080 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 6620 रुपए प्रति क्विंटल, कपास (लॉन्ग) का एम.एस.पी. 6380 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 7020 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'गांव स्तर पर कोचिंग के लिए खोली जा रही हैं ई-लाइब्रेरी'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने नीलोखेडी ब्लाक के गांव श्यामगढ में आयोजित अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। गांव की सरपंच सरदारनी गुल ढिल्लों व नम्बरदार सरदार रविजीत सिंह ढिल्लों के नेतृतव में ग्रामीणों ने मंत्री का गांव में पहुंचने पर ढोल नगाडों व फूल मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने गांव के विकास के लिए मंत्री के समक्ष मांग पत्र रखा।

मंत्री देवेन्द्र बबली ने ग्राम पंचायत द्वारा किए गए स्वागत से गद्गद् होकर ग्रामीणों की सभी मांगों को पूरा करवाने का अश्वासन दिया। इस मौके पर मंत्री ने गांव के पंचायत घर के नव-निर्माण के लिए आधारशीला रखी तथा अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब नवीनीकरण के कार्य की शुरूआत की।

देवेंद्र बबली ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार द्वारा व्यवस्था परिर्वतन का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत गांव में भी शहर जैसी सुविधाएं नागरिकों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जैसे पीने का पानी, स्ट्रीट लाईट, बेहतरीन स्कूल, स्वास्थय सेवाएं, पार्क, जिम्म, व्यामशालांए, मिनी खेल स्टेडियम इत्यादि मूलभूत जरूरतें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अधिकांश जन कल्याणकारी योजनाओं को ऑनलाईन किया गया है और उसको परिवार पहचान पत्र से जोडा गया है। अब पात्र व्यक्तियों को घर बैठे बैठे ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकारी नौकरियां बिना खर्ची व बिना पर्ची के योग्यता के आधार पर मिल रही हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इस को लेकर गांव स्तर पर कोचिंग की व्यवस्था के लिए ई-लाईब्रेरी की स्थापना करवाई जा रही है। प्रथम चरण के अर्तगत करीब 4 हजार पंचायत घरों की मरम्मत करवाई जा चुकी हैं, जिनमें 1200 से अधिक ई-लाईब्रेरी खुलवाई गई हैं। शेष में भी जल्द ही खुलवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गंदे पानी की स्मस्या के समाधान के लिए तालाबों को नवीनीकरण किया जा रहा है। प्रदेश में करीब 18 हजार से अधिक तालाबों की पहचान की गई हैं, जिनमें से इस साल में करीब 4 हजार का नवीनीकरण पूरा हो जाएगा। नीलोखेडी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने पंचायत मंत्री का अपने हलके में पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि आपके आने से हलके में विकास कार्यों की गति तेज होगी। उन्होंने बताया कि मंत्री देवेन्द्र बबली एक ईमानदार छवि के धनी हैं। जबसे इन्होंने पंचायत विभाग की बागडोर सम्भाली है, तब से ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज हुई है। इनका प्रयास रहता है कि गांव के लोगों को भी शहर की तर्ज पर ही सुविधाएं मिलें। उन्होंने ग्राम पंचायत श्यामगढ द्वारा रखी गई मांगों का समर्थन किया और मंत्री से पूरी करने का अनुरोध किया ।

जिला परिषद की चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने कहा कि गांव में विकास कार्यो की गंगा बह रही है। पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि मंत्री की कार्यशैली से प्रभावित हैं और वह अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यो की गति को आगें बढा रहे है। उन्होंने बताया कि गांव के बच्चों को गांव में ही प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने की सुविधा मिले, इसको लेकर सरकार द्वारा गांव में ई-लाईब्रेरी खोली जा रही है। करनाल जिला में 125 ई- लाईब्रेरी तथा 70 से 80 जिम्म खोले जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि श्यामगढ के लिए जिला परिषद के हाऊस में अनेक कार्य पास हुए हैं, उन सभी को पूरा करवा दिया जाएगा। मंच का संचालन प्रोफेसर डॉ. बृज भूषण ने किया।

इस अवसर पर ब्लाक समिति के चेयरमैन प्रवीन डाबरथला, जिला परिषद सदस्य विक्रम राणा, ईश्वर राणा, प्रतिनिधि पाला राम दादूपुर, जेजेपी के जिलाध्यक्ष गुरूदेव रम्बा, विभिन्न गांवों के सरपंच तथा श्यामगढ गांव के पूर्व सरपंच दलजीत सिंह, तथा काफी संख्या में महिलाए एवं पुरूष के अलावा करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, बीडीपीओ नीलोखेडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दूसरे चरण में 160 अध्यापकों ने लिया प्रशिक्षण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण पूरा हो गया। बीआरसी रेनू मलिक ने बताया कि इस चरण में 4 बैच में 160 अध्यापकों ने भाग लिया। इसके बाद अगला चरण 12 से 17 जून तक आयोजित किया जाएगा।

एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर से सहायक प्रोफेसर डा. देवेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हो रही गतिविधियों को जांचा। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ तकनीकी दुनिया की नवीनतम खोज चैट जीपीटी के बारे में विस्तार से बताया कि चैट जीपीटी का उपयोग प्रतिभागी किस प्रकार से टीचिंग में कर सकते हैं। मास्टर ट्रेनर दलीप सिंह और रीना रानी ने भाषा में डिकोडिंग और पठन के बारे में विस्तार से बताया।

## मनस्वी शर्मा के घर पहुंचकर एसपी चौहान ने दिया आशीर्वाद

### पिता डा. राधेश्याम शर्मा, माता रेखा शर्मा व परिवार ने मनस्वी को दिए अच्छे संस्कार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। यूपीएससी** परीक्षा में 101वां रैंक हासिल कर करनाल की आन, बान, शान बढ़ाने वाले मनस्वी शर्मा को नवचेतना मंच के संयोजक व एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक एसपी चौहान व सीमा चौहान ने उनके निवास स्थान पर जाकर आशीर्वाद दिया। मनस्वी शर्मा जाने माने शिक्षाविद व पूर्व वाइस चांसलर डॉक्टर राधेश्याम शर्मा व गवर्नमेंट कॉलेज करनाल की पूर्व प्रिंसिपल रेखा शर्मा के पुत्र हैं। शिक्षा जगत से जुड़े एसपी चौहान ने मनस्वी शर्मा व उनके परिजनों से कहा कि उन्होंने अपने बेटे को जिस तरह से तैयारी करवाई और पढ़ाई का माहौल दिया, वह वास्तव में काबिलेतारीफ है। पिता डॉक्टर राधेश्याम शर्मा व माता रेखा शर्मा ने बताया कि मनस्वी शर्मा ने दिन-रात की परवाह किए बगैर सिर्फ और सिर्फ अपने लक्ष्य पर निशाना साधा, तभी उसे ये सफलता मिली। नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने कहा कि डॉक्टर राधेश्याम शर्मा और रेखा शर्मा ने बहुत अच्छे तरीके से अपने बेटे मनस्वी शर्मा का पालन पोषण किया। जैसे उनके खुद उच्चकोटि के विचार हैं, वैसे ही सोच और विचार उन्होंने मनस्वी शर्मा को दिए हैं। इसलिए उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 101वां रैंक हासिल किया है। वे दावे के साथ कह सकते हैं कि मनस्वी शर्मा को जो भी जिम्मेदारी सरकार देगी उसे वे बड़ी वफादारी और तन्यमता से निभाकर अपने मां बाप, करनाल, हरियाणा व देश का नाम रोशन करेंगे। मनस्वी शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कड़ी मेहनत को देते हुए कहा कि उन्होंने जो सपना देखा था, उसकी पहली सीढ़ी पर उन्होंने कदम रख दिया है, ईश्वर भली करेंगे।

## हथियारों के जखीरे के साथ अंकुश कमालपुर गैंग का एक गुर्गा गिरफ्तार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए वन की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर जीटी रोड़ पर गांव उचाना के पास नाकाबंदी करके आरोपी बीर सिंह पुत्र अजमेर सिंह वासी कोट मौहल्ला करनाल हाल किरायेदार सैक्टर-4 करनाल को गिरफ्तार किया। मौके पर ही आरोपी के कब्जे से दो अवैध देशी पिस्तौल 315 बोर, एक बंदूक 315 बोर, एक बन्दूक 12 बोर, 8 जिंदा कारतूस 12 बोर, 21 जिंदा कारतूस 315 बोर और एक स्विफ्ट गाड़ी बरामद की गई। इस संदर्भ आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी का संबंध अंकुश कमालपुर, मुकेश जाम्बा और अमन साम्भी की गैंग से है, जो उनके कहने पर ही अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है। सीआईए वन के इन्चार्ज निरीक्षक गुरविन्द्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

## दिग्विजय चौटाला के दौरे को लेकर जजपा की बैठक 13 को

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला 18 जून को नांगल चौधरी विधानसभा के दर्जनों गांवों का सघन दौरा कर जनसंपर्क साधेंगे। इस सिलसिले में नांगल चौधरी की रामभवन धर्मशाला में 13 जून को प्रातः 10 बजे पार्टी कार्यकताओं की मीटिंग आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि दिग्विजय चौटाला के दौरे को भव्य सफल बनाने के उद्देश्य से यह मीटिंग आयोजित की जा रही है।

## सीएम आज करनाल की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं से होंगे रूबरू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री** मनोहर लाल 11 व 12 जून को करनाल दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री वार्ड नम्बर 6, 7, 16 तथा 17 में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ता व जनता से रूबरू होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शनिवार को एसपी शशांक कुमार सावन व अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थलों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थलों पर बिजली, पीने के पानी, शौचालय तथा साफ सफाई समुचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेंगें। इसके अलावा कानून व ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखेंगें। एसपी व एडीसी ने दौरे के दौरान सर्वप्रथम वार्ड नम्बर 17 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल सामुदायिक केन्द्र शिव कालोनी का दौरा किया। इस मौके पर नगर निगम के सिनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी व पार्षद जोगिन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तरित जानकारी दी। इसके बाद वार्ड नम्बर 16 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल एसपीएस कॉन्मेंट स्कूल हांसी रोड करनाल का दौरा किया। यहां पर उपस्थित पार्षद रजनी परोचा ने कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत वार्ड नम्बर 6 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल रोड धर्मशाला रामदेव कालोनी का निरिक्षण किया। यहां पर मौजूद पार्षद नीलम देवी के प्रतिनिधि राजेन्द्र सिरसी ने अधिकारियों को कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। इसके बाद वार्ड नम्बर 7 के लोगों के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल सेवा समिति का दौरा किया और वहां पर प्रबंधों का जायजा लिया। इस मौके पर उपस्थित पार्षद सरीता कालडा के प्रतिनिधि जतीन कालडा, भाजपा का जिला उपाध्यक्ष प्रवीन लाठर, मण्डल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, रमन अग्रवाल ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, जिला परिषद के सीईओ गोरव कुमार, उप-पुलिस अधीक्षक वीर सिंह व अजित तोमर, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## उदय" कार्यक्रम को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** जिला में कम्युनिटी आउटरीच के तहत चलने वाले "हरियाणा उदय" कार्यक्रम को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने गत दिवस अपने कार्यालय में जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों पर रणनीति तैयार की गई। एडीसी ने बताया कि "हरियाणा उदय" कार्यक्रम के तहत किसी एक गांव में जिला प्रशासन के सभी अधिकारी पहुंचेंगे तथा वे ग्रामीणों के साथ बैठकर जनसंवाद करेंगे। इससे पहले दिन भर आसपास के लगभग 15 गांवों में विभिन्न विभागों द्वारा खेल प्रतियोगिता तथा विभिन्न सेवाएं दी जाएंगी। इसके लिए कैलेंडर तैयार किया जा रहा है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी गांवों में मेहंदी प्रतियोगिता, मटका सजावट, रंगोली, म्यूजिक चेयर, मिट्टी के खिलौने बनाना, रस्साकशी, चम्मच निंबू दौड़, पोषण की सांप सीडी तथा स्थानीय खेल भी होंगे।

इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की ओर से निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर लगेंगे। इस दौरान टीकाकरण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं लड़कियों व महिलाओं को आयरन टेबलेट भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि अंत में शाम को हरियाणा उदय के तहत होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम में आसपास के सभी ग्रामीण पहुंच सकते हैं। यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सेवाएं दी जाएंगी। इसके अलावा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से सांस्कृतिक टीमें भजन व रागनियों के माध्यम से सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।

## बिजली शिकायतों के निवारण के लिए बैठक 12 को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष, अधीक्षक अभियन्ता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, राजीव गांधी विद्युत सदन सैक्टर 12 करनाल के कान्फ्रेंस हाल में 12 जून को प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिजली संबन्धी वे समस्याएं, जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरान्त भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी सभी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। इस संबंध में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अधीक्षक अभियंता कशिक मान ने बताया कि इस बैठक में ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस न्यायालय में विचाराधीन हैं तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे तथा बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएगी। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय पर कार्यालय अधीक्षक अभियन्ता, परिचालन परिमण्डल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, राजीव गांधी विद्युत सदन, सैक्टर 12 करनाल के कान्फ्रैंस हाल में पहुंचकर अपनी बिजली सम्बन्धी समस्याओं एवं शिकायतों का शीघ्र निपटारा करवाएं।

## नारी हर राष्ट्र का केन्द्र बिंदू : साध्वी भारती जी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रामलीला ग्राउंड कुंजपुरा में पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। तृतीय दिवस के अंतर्गत श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी प्रवीणा भारती जी ने केवट प्रसंग को बहुत ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि श्री राम केवट से गंगा पार करने के लिए नौका की मांग करते हैं। यह घटना निष्कामता का प्रतीक है। जब एक भक्त के भीतर निष्काम भक्ति जन्म लेती है, तब उसे ईश्वर से नहीं मांगना पड़ता, बल्कि भगवान स्वयं उसके द्वार पर मांगने के लिए आ जाते हैं। केवट बार-बार कहते हैं प्रभु मैं आपके भेद को जानता हूँ। यह दावा वही कर सकता है, जिसने ब्रह्मज्ञान के माध्यम से प्रभु को अपने घट में देखा है। इसके अतिरिक्त साध्वी जी ने कहा कि श्री राम अपने जीवन चरित्र से हमें नारी का सम्मान करना सिखाते हैं। वास्तव में यह हमारे भारत की संस्कृति रही है। नारी हर राष्ट्र का केन्द्र बिन्दु है। किसी राष्ट्र की समृद्धि देखनी है तो वहाँ की नारी की स्थिति देखने से पता चलता है, किन्तु दुख इस बात का है कि आज भारत देश की नारी की दशा दिन-प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है, जो हमारे राष्ट्र के लिए विनाशक सिद्ध होगा। इसलिए हमें जरूरत है कि नारी की गरिमा को पहचाने। साध्वी जी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या, नारी शोषण, दहेज प्रथा आदि कुरीतियों को अपने देश से उखाड़ फेंके, तभी एक सफल राष्ट्र की संरचना हो सकती है। इतिहास में देखें हर सफल मानव के पीछे एक औरत का हाथ है। मां सीता ने भी पतिव्रता धर्म निभाते हुए प्रभु का हर मोड़ पर साथ दिया। आज हमारे समाज को भी मां सीता जैसी आध्यात्मिक नारियों की जरूरत है, ताकि हमारा राष्ट्र समृद्ध बन सके। कथा को विराम प्रभु की पावन आरती से दिया गया।

# संपादकीय

## राष्ट्रपति की सूरीनाम यात्रा का महत्व

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा का संदेश अनेक देशों तक विस्तृत रहा। इनमें वह देश शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग विगत छह पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सभ्यता संस्कृति को कायम रखा है। मॉरीशस की तरह सूरीनाम में भी प्रवासी दिवस मनाया जाता है। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुइस के अस्थाई निवास को अप्रवासी घाट कहा जाता है। प्रत्येक दो नवम्बर को अप्रवासी दिवस मनाया जाता है। सूरीनाम का प्रवासी दिवस पांच जून को मनाया जाता है। द्रौपदी मुर्मू इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं। उनको सूरीनाम के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। इस वर्ष जनवरी में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी भारत यात्रा आए थे। उन्होंने भारत को कैरेबियाई देशों में हिन्दी सिखाने वाले संस्थान खोलने का सुझाव दिया था। उन्होंने कैरेबियाई क्षेत्र में फिल्म, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक जीवन पद्धति, सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए भारत की ओर से संस्थान स्थापित करने का आह्वान किया था। उन्होंने इसके लिए अपने देश मे जमीन उपलब्धि कराने के वादा किया था। कुछ वर्ष पहले मोदी सरकार के प्रयास से हुगली नदी के तट पर सूरीनाम मेमोरियल बनाया गया था। इसमें बब्बा और माई की वैसी मूर्ति हैं जैसी सूरीनाम मे हैं। प्रतिमा सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो में बाबा और माई स्मारक की प्रतिकृति हैं , जो सूरीनाम पर कदम रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और महिला का प्रतीक है। परिमारिबो में यह प्रतिमा उस स्थान को चिह्नित करती है, जहां 5 जून, 1873 को जहाज लल्ला रूख में पहले भारतीय मजदूरों ने सूरीनाम में प्रवेश किया था। ये वह देश हैं, जिनसे भारत के रिश्ते बन्धुत्व पर आधारित हैं। भौगोलिक दूरी बहुत ज्यादा होने के बावजूद भावनात्मक लगाव बना रहता है। सूरीनाम ऐसा ही देश है। उसे भारत से गए लोगों ने सजाया-संवारा है। कई पीढ़ी पहले श्रमिक बन कर भारत से गए लोगों ने ही इस भूखण्ड को इंसानों के रहने लायक बनाया। आज यहां सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा को कई सन्दर्भों में देखा जा सकता है। इसमें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष समाहित हैं। सामाजिक आधार पर भारत और सूरीनाम का रिश्ता करीब डेढ़ शताब्दी पुराना है। प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम से पहले अंग्रेजों ने पूर्वी उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को सूरीनाम,फीजी, मॉरीशस भेजने शुरूआत की थी। यह क्रम करीब सत्तर वर्षों तक चलता रहा। गिरमिटिया मजदूर के रूप में उनको वहां भेजा गया था। कई पीढ़ी बीतने के बावजूद यहां के लोग भारत से अपने जुड़ाव को भूलना नहीं चाहते। वहां के सामान्य नागरिक से लेकर राष्ट्रपति तक जब अपने पूर्वजों का गांव तलाश करते हैं, तब भारत को खुशी और गर्व की अनुभूति होती है। राष्ट्रपति की सूरीनाम यात्रा का उद्देश्य दक्षिण अमेरिकी देश के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना है। पिछले साल जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद मुर्मू की यह पहली विदेश यात्रा है। वह सूरीनाम के पारामारिबो पहुंचीं। सूरीनाम के राष्ट्रपति सी संतोखी ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति की सूरीनाम में शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत हुई।

# एमपी में लाडली बहना और नारी सम्मान की धनराशि तय

नरेंद्र तिवारी

> "दूसरी और सरकार आने पर महिलाओं के खातें में 2000 रु जमा कराने का संकल्प लेने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का कहना है की नारी सम्मान योजना से प्रदेश की नारियां आर्थिक रूप से मजबूत होगी। अब सवाल यह उठता है कि लाडली बहना के खातें में एक हजार रु जमा होने, या नारी सम्मान की राशि दो हजार रु जमा होने से प्रदेश की महिलाओं का वास्तविक रूप से सशक्तिकरण होगा या यह चुनावी विजयी प्राप्त करने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बाटने की प्रक्रिया मात्र हैं। देश मे जब मुफ्त की सुविधाओं के वितरण पर बहस चल रहीं हो तब यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि नारियों का सम्मान सरकार से प्राप्त नाममात्र राशि से होगा या महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने से होगा। दरअसल राजनीतिक कार्यकताओं की सच्चाई अलग होती हैं। उनकी सच्चाई इस बात पर निर्भर होती है"

सरकारों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बहाने मुफ्त सुविधाओं का वितरण क्या नागरिक समाज का वास्तविक विकास है ? क्या प्रदेश की महिलाओं को घर बैठे खातें में राशि भेजी जाना आत्मनिर्भर भारत बनाने के लक्ष्य के विरुद्ध कार्य नहीं है। क्या देश भर की राज्य और केंद्र सरकार मुफ्त की सुविधाओं का वितरण नागरिकों के कल्याण के लिए करती है या यह चुनावी सफलता प्राप्त करने का साधन मात्र है ? यह विषय अब जागरूक नागरिकों में विचार का विषय बन गया है। मध्यप्रदेश में 15 वर्ष लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है। 2018 में 15 माह की कांग्रेस सरकार के बाद वर्ष 2020 से पुनः एमपी की सत्ता पर भाजपा की शिवराज सरकार काबिज हो गयी, जो अब भी काबिज है। इस तरह कुलमिलाकर 18 साल से अधिक एमपी की सत्ता पर काबिज सरकार द्वारा वर्ष 2023 के विधानसभा चुनावों के 4-5 माह पूर्व लाडली बहना योजना का क्रियान्वयन किया गया, उसके क्रियान्वयन एवं प्रचार में यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश की लाडली बहनों को अब न्याय मिलेगा। उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार मिलेगा, 10 जून से शिवराज सरकार द्वारा लाडली बहना योजना अंतर्गत 1000 रु महीना इन महिलाओं के खातों में पहुचाए जाएंगे। साल भर में 12 हजार रु देकर प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा, महिलाओं को सम्मान से जीने की परिस्थितियों का निर्माण होगा। अब जब 2023 के चुनावों में 4 से 5 महीने शेष हैं। 18 साल से सत्ता पर काबिज सरकार का प्रदेश की महिलाओं को दिए जाने वाले एक हजार रु माह क्या एमपी की महिलाओं का वास्तविक कल्याण कर पाएंगे। नागरिक समाज मे यह बहस छिड़ी हुई है। बहस का विषय शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना ही नहीं है। प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की नारी सम्मान योजना भी है। जिसको लेकर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष एक कदम आगे बढ़कर कह रहे है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश की महिलाओं को 1500 रु की आर्थिक सहायता दी जाएगी। 500 रु की आर्थिक सहायता गैस सिलेंडर के लिए भी दी जाएगी। कमलनाथ ने 9 मई को छिंदवाड़ा के परासिया से नारी सम्मान योजना की शुरूवात करते हुए इसे नारी सशक्तिकरण हेतु महत्वपूर्ण बताया। कमलनाथ ने प्रदेश में कांग्रेस कार्यकताओं को



नारी सम्मान योजना का रजिस्ट्रीकरण करवाने हेतु निर्देश दिए है। एमपी में कांग्रेस कार्यकर्ता नारी सम्मान योजना का प्रचार एवं रजिस्ट्रीकरण हेतु द्वार-द्वार जा रहे है। एक और प्रदेश की सत्ता पर काबिज शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश के सरकारी अमले को लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन में लगाया हुआ है। 10 जून से महिलाओं के खातें में 1000 रु जमा करवाए जाने का लक्ष्य है। सरकारी मशीनरी और भाजपा संगठन मिलकर योजना को अमली जामा पहिनाने और यह साबित करने में लगे है की लाडली बहना योजना महिलाओं के कल्याण की दिशा में सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। दूसरी और सरकार आने पर महिलाओं के खातें में 2000 रु जमा कराने का संकल्प लेने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का कहना है की नारी सम्मान योजना से प्रदेश की नारियां आर्थिक रूप से मजबूत होगी। अब सवाल यह उठता है कि लाडली बहना के खातें में एक हजार रु जमा होने, या नारी सम्मान की राशि दो हजार रु जमा होने से प्रदेश की महिलाओं का वास्तविक रूप से सशक्तिकरण होगा या यह चुनावी विजयी प्राप्त करने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बाटने की प्रक्रिया मात्र हैं। देश मे जब मुफ्त की सुविधाओं के वितरण पर बहस चल रहीं हो तब यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि नारियों का सम्मान सरकार से प्राप्त नाममात्र राशि से होगा या महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने से होगा। दरअसल राजनीतिक कार्यकताओं की सच्चाई अलग होती हैं। उनकी सच्चाई इस बात पर निर्भर होती है कि वह किधर खड़े है। भाजपा के किसी सदस्य से पूछो की लाडली लक्ष्मी योजना मुफ्त की रेवड़ियों को वितरण है तब उसका साफ कहना होगा कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मध्यप्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिससे महिलाओं के जीवन मे परिवर्तन होगा वह आर्थिक रूप से सक्षम बनेगी। इस सदस्य से जब कांग्रेस की नारी सम्मान योजना के बारे में सवाल किया जाए तब उसका दृष्टिकोण बदल जाता है। वह इसे कोरा चुनावी वादा बताते हुए मुफ्त की रेवड़ी का वितरण बताता है। इसी प्रकार कांग्रेस विचारधारा से जुड़ा सदस्य भी नारी सम्मान योजनाओं की खासियत गिनाते नही थकता ओर लाडली लक्ष्मी को शिवराज सरकार की चुनाव में विजयी प्राप्ति की कोशिश बताता है। असल मे राजनीतिक विचारधारा में बंटे नागरिकों को अपने पक्ष द्वारा वितरित मुफ्त की सुविधाएं तो जनकल्याणकारी नजर आती है। विपक्षी दलों द्वारा वितरित ऐसी ही उपलब्ध सुविधा चुनाव जीतने की कोशिश दिखाई देती है। मुफ्त की सुविधाओं का वितरण सभी राजनीतिक दल कर रहे हैं। इसमे केंद्र की भाजपा सरकार सहित राज्यों में काबिज कांग्रेस और अन्य दलों की सरकार का दृष्टिकोण एक सा है। हाल में कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को महिलाओं के थोकबंद वोट मिले, जिसका कारण कांग्रेस की चुनावी घोषणा में गृहलक्ष्मी योजना अंतर्गत 2000 रु खातों में जमा करने की घोषणा शामिल है। यह घोषणा कमलनाथ की एमपी में कई गयी नारी सम्मान योजना के समान है। कर्नाटक में चुनाव पूर्व राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा का लालीपाप भी दिया गया। परिणामस्वरूप कर्नाटक में कांग्रेस की झोली महिलाओं ने वोटों से भर दी। असल मे हमारा नागरिक समाज मुफ्त की सुविधाओं का आदि हो चुका है। नागरिक समाज के चरित्र में मुफ्तखोरी की प्रवृत्ति के शामिल होने के पीछे राजनतिक दलों द्वारा चुनाव-दर-चुनाव इस प्रकार की घोषणाओं का करना है। जबकि केंद्र सहित राज्यों में काबिज तमाम दलों का राजनतिक और संवैधानिक दायित्व यह बनता है कि वें देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे कदम उठाए जो महिलाओं सहित राष्ट्र के नागरिकों को रोजगार उपलब्ध करा सकें। कर्मठता की दो रोटी मुफ्त में मिले हलवे से अधिक पाचक और गुणकारी साबित होगी। मुफ्त की सुविधाओं का यह वितरण नागरिक समाज को पंगु , आलसी ओर कामचोर बनाने का प्रयास भर है। इन मुफ्त की सुविधाओं को दलीय नजरिए से देखने के बजाए राष्ट्रीय नजरिए से देखने की आवश्यकता है। नागरिकों या महिलाओं के कल्याण का यह कार्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से भी होता है। इस संबंध में राष्ट्रीय आजीविका मिशन में बेहतर काम किया है। महिलाओं के कल्याण की बात करें तो इस मिशन के तहत स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराए गए है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में आजीविका मिशन के तहत हजारों महिलाओं को काम मिला है। सिवनी की रजनी की कहानी कुछ दिनों पूर्व खबरों की सुर्खियां बनी थी। रजनी ने विवाह के बाद स्वरोजगार योजना से अपनी रुचि ब्यूटी पार्लर का काम आरम्भ किया और आत्मनिर्भर बन गयी। इस बारे में बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील में महिलाओं को समूह बनाकर रोजगार प्रदत्त किये गए। इस सबन्ध में तात्कालीन एसडीएम सुश्री तपस्या परिहार एवं आजीविका मिशन के जिला अधिकारी योगेश तिवारी के प्रयासों से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के समूह को चाय-नास्ते का स्टाल खोलने की प्रेरणा दी, शहर में चार-पांच स्थानों पर इस प्रकार के स्टाल खोले गए। इन चाय और नास्ते के स्टालों से सरकारी कार्यालयों और सामूहिक संस्थानों को चाय-नास्ता लेनें हेतु एसडीएम सुश्री तपस्या परिहार ने प्रयास किये अब जबकि इन प्रयासों को दो वर्ष हो चुके है। इन महिलाओं के जीवन मे परिवर्तन आ गया है। सेंधवा मंडी शेड में चाय स्टाल का संचालन कर रही समूह की सदस्य ग्राम गोई की लीलाबाई ने बताया कि दो साल में जीवन बदल गया। घर-घर जाकर काम करने की जगह अब अपनी मेहनत से आत्मनिर्भर बनने का एहसास होता है।

# कविता

## हरियाणवी गीतिका

माणस हळवै होगै अर पीसा होग्या भारी।  
बस इब्ब बची सै इतणी सी दुनियादारी।।  
उसक्या कौण बता,कै बिगाड़ लेग्या भला।  
जिस लिफाफे प्ये मुहर लगी हो सरकारी।।  
फेसबुक,रील,इंस्टा,सोशल मीडिया आळी।  
इसम्ये कोन्या रौल या सै लाइलाज बीमारी।  
जुणसै हरदम भाषण झाड़े देसभगती प्ये।  
आंख खोलक्ये देख्या,वै पाए करत्ये गद्दारी।  
सब लोभ,सुआरथ,लालच म्ह डूबे सै यार।  
कड़ै बची बता इब्ब सच्चाई अर ईमानदारी।  
प्यार,मुहबत,इशक,ये सब ढकोसलै सै सुण।  
कौण निभावै आजकाळ रिश्ताम्ह वफादारी  
मतलबी थ्या जमाना पर इब्ब घणा हो रया  
कौण किसक्या प्यारा,कितक्यी रिश्तेदारी।  
सरल सहज सभा ना,ना सीधी बोली बाणी।  
माणस कै भीतर बड़ग्यी लोगों या हुश्यारी।  
जिसतै थ्यी आस उम्मीद,वो सपनेम्ह बोल्या  
हाळ देख्य जमाने का दुख पा रया गिरधारी  
ना धर्म बचा,ना ईमान बचा,अर ना भाईचारा  
इब्ब बची सै गुदागर्दी, ठोलैदारी,फिरकेदारी

कृष्ण कुमार

# करवट लेता भारतीय सिनेमा

मृत्युंजय दीक्षित

**राजा** हरिश्चंद्र से आज तक भारतीय सिनेमा ने न केवल तकनीकी विकास वरन कला और वैचारिक प्रधानता के भी कई दौर देखे हैं । आज की पीढ़ी को एंग्री यंग मैन का समय स्मरण है जब सामाजिक समस्याओं से उकताए लोग सुनहले पर्दे पर अमिताभ बच्चन को बीस बीस गुंडों को मारने के काल्पनिक दृश्य देखकर तालियाँ बजाते अपनी कुंठा से बाहर निकलने का प्रयास करते थे फिर खान बंधुओं की फिल्मों का समय प्रारम्भ हुआ और एंगर की जगह रोमांस ने ले ली, इन्हीं खान बंधुओं ने ग्रे शेड वाले हीरो को जन्म दिया और अपराध को महिमा मंडित करने लगे लेकिन लोग उनके लिए दीवाने हो रहे थे । इन सबके बीच सामानांतर सिनेमा भी चलता रहा । धीरे- धीरे दर्शकों में एक समझ अआने लगी और उन्होंने अनुभव किया कि वामपंथी और तथाकथित सेक्युलर इस महत्वपूर्ण माध्यम का उपयोग वृहद हिंदू समाज और संस्कृति को अपमानित करने और युवा हिन्दू को अपने धर्म और संस्कार से दूर ले जाने के लिए कर रहे हैं ।

हिंदी फिल्मों में हिंदू सनातन संस्कृति का हर प्रकार से उपहास उड़ाया जाता है । मूर्ति पूजा से लेकर पारिवारिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मान्यताओं तक सभी के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है८ उनके तिरस्कार को महिमामंडित किया जाता है । इस बीच फिल्म जगत व फिल्मी हस्तियों ने कुछ ऐसे कार्य किये जो देशद्रोह की श्रेणी में रखे जा सकते हैं । इन लोगों ने याकूब मेनन जैसे खूंखार आतंकी को बचाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने का अभियान चलाया, आमिर-शाहरुख-नसीर को भारत में डर लगने लगा। अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए ये टुकड़े टुकड़े गैंग से जा मिले जिसके बाद दर्शकों के एक बहुत बड़े वर्ग में आक्रोष की ज्वाला भड़क उठी । हिंदी फिल्मों के बहिष्कार का आह्वान होने लगा और हालात यह हो गये कि बड़े बड़े स्टार माने जाने वाले लोगों की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर पानी भी नहीं माँगा ।

बीते कुछ वर्षों में दर्शकों की रुचि और प्यार में बदलाव आया वह अब हिंसा और अश्लीलता से भरपूर बेढंगी कहानियों पर आधारित फिल्मों का पूर्णतः बहिष्कार कर उन्हें सुपर फ्लॉप कर रहा है वहीं किसी सत्य ऐतिहासिक घटना व तथ्यों पर आधारित घटनाओं व कहानियां पर बनी फिल्मों का हृदय से स्वागत कर रहा है । उत्तर दक्षिण और भाषा का भेदभाव लगभग समाप्त हो गया है।

रुचि पूर्ण कथ्य किसी भी भाषा में हो राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारा जा जा रहा है । बजट महत्वपूर्ण नहीं रहा अतः छोटे स्टार कास्ट और नवोदित अभिनेता अभिनेत्री भी चल पड़े हैं। भारतीय सिनेमा में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का सकारात्मक पक्ष दृष्टिगोचर होने लग गया है।

# विचार

## गर्व से कहो कि हम लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं'

संजीव

**आजादी** के 75 वे वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया' वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए' संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया' हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा' केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है' गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है' हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा'

यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है' भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**  
9999889104, 9250706656  
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## एनसीईआरटी द्वारा शिक्षार्थी हितेषी बदलाव स्वागत योग्य

प्रो. मनमोहन प्रकाश

**किसी** शिक्षा तंत्र तथा शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम, पाठ्य सामग्री तथा पाठ्य-पुस्तकों का निश्चित रूप से विशेष महत्व होता है। क्योंकि ये ही निर्धारित करते हैं कि किस उम्र तथा कक्षा के विद्यार्थी को उसके मानसिक स्तर के अनुसार क्या पढ़ाना उचित रहेगा? जिसे शिक्षार्थी बिना दवाब के सहजता और सरलता से ग्राह्य कर सकता है। हम सब इस सदी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की सदी के रूप में पहचानने लगे हैं। विज्ञान, तकनीक और प्रौद्योगिकी ने निरंतर पिछले कुछ दशकों में नये शोध के कारण बेतहाशा प्रगति की है। बेसिक साइंस तथा एप्लाइड साइंस कंटेंट में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। इंटरनेट पर भी अथाह ज्ञान का भंडार उपलब्ध है। नित्य नये शोध परिणाम सामने आने से विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत भी आधुनिक ज्ञान के परिप्रेक्ष्य में परिवर्तित होते जा रहे हैं या उनकी नई तरीके से व्याख्या की जा रही है। इसके कारण भी कुछ पाठ्य विषय अपनी प्रासंगिकता भी खोते नजर आते हैं।जब वैज्ञानिक विषय नये होते,उन पर सामग्री और जानकारी कम उपलब्ध होती है तब उन्हें किसी भी कक्षा में जानकारी देने के उद्देश्य से पढ़ाया जा सकता है किंतु जब निरंतर शोध के कारण विषय सामग्री अधिक होने के साथ उपयोगिता के नये आयामों को अपने में समाहित किये होते हैं तब इन विषयों को पाठ्यक्रम और पाठ्य-पुस्तकों में शामिल करते समय शिक्षार्थी की मानसिक स्तर का ध्यान रखना बहुत जरुरी हो जाता है। इसीलिए ग्लोबल संदर्भ में विज्ञान के पाठ्यक्रम में समय समय पर जितने बदलाव करना पड़ते हैं उतने कला, साहित्य विषयों में शायद नहीं। पाठ्यक्रमों तथा पाठ्य-पुस्तकों में बदलाव शिक्षा जगत में एक सामान्य प्रक्रिया माना जाता है। इसीलिए शायद यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीसन ने उच्च शिक्षा में बीओएस की पाठ्यक्रम के संबंध विषय विशेषज्ञों की दो साल में एक बैठक अनिवार्य की है। पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समय-समय बदलाव अच्छे शिक्षा तंत्र की पहचान भी है। किन्तु पाठ्यक्रम में विषय वस्तु का निर्धारण करते समय यह ध्यान रखना भी जरुरी है कि नये विषयों का प्रवेश सरलता से जटिलताओं की ओर हो, सिद्धांत से उपयोगिता की ओर हो और पाठ्य सामग्री में एक तारतम्य बना रहे, पुनरावृति तो बिल्कुल भी नहीं हो।

## वॉइस-ओवर आर्टिस्ट कैसे बनें

विजय गर्ग

वॉइस-ओवर आर्टिस्ट (वॉइस-ओवर आर्टिस्ट) एक पेशेवर है जो डॉक्यूमेंट्री, कॉर्पोरेट वीडियो उत्पाद के उपयोग से लेकर संयुक्त उद्यम प्रस्तुतियों तक, सुरक्षा वीडियो से लेकर सेल फोन प्रॉम्प्ट और टीवी सीरियल इंट्रो और रिकैप और रेडियो विज्ञापनों का वर्णन करता है। सरल शब्दों में, एक वॉइस-ओवर कलाकार लिखित शब्दों को ऑडियो में बदल देता है। उन्हें बस एक माइक्रोफोन के सामने बैठने, कुछ शब्द कहने और एक अच्छा पारिश्रमिक प्राप्त करने की आवश्यकता है। इसे ऑफ-कैमरा कमेंट्री भी माना जाता है; वॉइस-ओवर एक तकनीक है जिसमें टेलीफिल्म, डॉक्यूमेंट्री, विज्ञापन, टेलीविजन धारावाहिक या समाचार के दृश्यों को पूरक करने के लिए आवाज को संशोधित और बदल दिया जाता है, इस प्रकार प्रसारित किया जाता है। मीडिया के अधिकांश क्षेत्रों में उनकी आवश्यकता होती है, चाहे वह टेलीविजन हो, फिल्म हो या रेडियो भी हो, संदेशों को सटीकता के साथ संप्रेषित करने के लिए। पिछले कुछ वर्षों में भारत में मीडिया उद्योग के विकास ने वॉइस-ओवर कलाकारों की लोकप्रियता और मांग को बढ़ाया है। वॉइस-ओवर कलाकार पात्रता वॉइस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए ऐसी किसी विशेष योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है। यदि आपकी आवाज पर अच्छी पकड़ है और लिखित शब्द को ऑडियो में परिवर्तित कर सकते हैं तो आप इस पेशे के लिए उपयुक्त हैं। वॉइस-ओवर कलाकार आवश्यक कौशल एक वॉइस-ओवर कलाकार को अपने होठों की गति, आवाज की पिच, स्वर और मौन को इशारों और चरित्र की शारीरिक भाषा के साथ ठीक से सिंक्रनाइज करने की आवश्यकता होती है, जैसा कि स्क्रीन पर दिखाया गया है। उन्हें इतना कुशल होना चाहिए कि वे अपनी आवाज के माध्यम से सभी भावनाओं को व्यक्त कर सकें और दृश्यों के साथ एक परिपूर्ण तालमेल बना सकें। एक अच्छा वॉइस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए व्यक्ति को एक बेहतरीन वॉइस मॉड्यूलेटर होना चाहिए। उनके पास निरंतरता होनी चाहिए जो यहां एक अत्यधिक मूल्यवान कौशल है, जैसे कि मात्रा, ऊर्जा, पेसिंग, आर्टिक्यूलेशन और आपके आंख-मस्तिष्क-मुंह समन्वय में लक्षण वर्णन।

उन्हें विशेष रूप से ई-लर्निंग मॉड्यूल के क्षेत्रों में लंबे समय तक वर्णन जैसे ठंडे पढ़ने की भी आवश्यकता होती है।

# विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**



**विश्व** हिन्दू तख्त का उद्घाटन 5 जून को भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या में राम जून्म भूमि ट्रस्ट के स्वामी महंत नृत्या गोपाल दास जी महाराज सहित कमल नयनदास, संत शिरोमणि राजकुमार दास, हनुमानगढ़ी के महंत बलराम दास, दिगम्बर अखाड़ा के सुरेश दास व हनुमानगढ़ी के हेमंत दास व बलराम दास ने सैकड़ों विश्व हिन्दू तख्त के सदस्यों की मौजूदगी में किया और 7 जून को माता सरयू नदी के तट पर महाआरती के बाद संतों व केसरगंज के छठी बार सांसद बृजभूषण शरण सिंह की मौजूदगी में विश्व हिन्दू तख्त का कार्य आरंभ हुआ। इस अवसर पर हजारों सनातनी व विश्व हिन्दू तख्त के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे। विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य, सांसद बृजभूषण सिंह, हेमंत दास, बलराम दास, संजय दास ने संयुक्त रूप से सरयू नदी की आरती की और सांसद बृजभूषण ने विश्व हिन्दू तख्त को विश्व में सनातन की मजबूती के लिए मील का पत्थर बताया। आज विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य का हनुमानगढ़ी में जोरदार स्वागत हुआ और हनुमानगढ़ी पहुंचने पर महंत हेमंत दास, संजय दास, बलराम दास महाराज ने जोरदार स्वागत किया व इस अवसर पर वीरेश शांडिल्य उनके एडवोकेट बेटे वासुरंजन शांडिल्य व तख्त से जुड़े एडवोकेट अंकुश उप्पल को भी सिरोपा देकर सम्मानित किया। महंत बलराम दस व हेमंत दास ने विश्व हिन्दू तख्त के गठन पर वीरेश शांडिल्य व विश्व में बैठे सनातनियों को बधाई दी और कहा कि विश्व हिन्दू तख्त पूरे विश्व में सनातन की मजबूती, सनानत संस्कृति का कवच बनेगा और जो

**8 सनातन की मजबूती, सनानत संस्कृति का कवच बनेगा और जो कानून हिन्दू समाज पर थोपे गए हैं, उनकी लड़ाई लड़ेगा**

कानून हिन्दू समाज पर थोपे गए हैं, उनकी लड़ाई लड़ेगा। इस अवसर पर विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस तरह हनुमान जी भगवान राम के निस्वार्थ भक्त थे, वह भी विश्व में हिन्दू समाज के लिए, सनातन धर्म के लिए, सनातन संस्कृति को बचाने के लिए भगवान हनुमान की तरह ही विश्व हिन्दू तख्त में निस्वार्थ सेवाएं देंगे और भारतीय मंदिरों को सरकारी कब्जे से छुडवाएंगे और पूरे देश व विश्व में सनातन का परचम लहराएंगे।

यही कारण है कि उन्होंने विश्व हिन्दू तख्त का उद्घाटन भगवान राम की जन्मभूमि से करवाया और उस महापुरुष से करवाया जिसने राम जन्म भूमि की लड़ाई लड़ी। वीरेश शांडिल्य ने हनुमानगढ़ी में कहा कि वह हनुमान तो नहीं बन सकते लेकिन हनुमानगढ़ी में इस बात का संकल्प ले रहे हैं कि सनातन धर्म व सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए उनके खून का कतरा कतरा कुर्बान होगा। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि 10 जून को वह उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को मिलेंगे, सनातन धर्म को लेकर चर्चा करेंगे और योगी सरकार की मजबूत नीतियों को लेकर भी चर्चा करेंगे। इस अवसर पर वीरेश शांडिल्य अपने समर्थकों सहित भगवान हनुमान के समक्ष पूजा अर्चना की और देश में आतंकवाद के खात्मे की दुआ की और देश में राम राज आए ऐसी प्रार्थना की।

# हरकृष्ण साहिब जी का प्रकाश पर्व की तैयारियों को लेकर हुई मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी धन-धन श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली की तर्ज पर मनाएगी। अंबाला के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में करवाए जा रहे इस प्रकाश उत्सव समागम के लिए एचएसजीएमसी कार्यकारिणी समिति मैंबर विनर सिंह व रमणीक सिंह मान ने लोकल सभा सोसासटियों, सिंघ सभाओं एवं क्षेत्र के गणमान्यजनों से विचार-विमर्श किया। इस बैठक में कमेटी के कार्यकारिणी समिति मैंबर रमणीक सिंह मान ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

समागम की जानकारी देते हुए कार्यकारिणी समिति मेंबर विनर सिंह ने बताया कि हरियाणा कमेटी द्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब के प्रकाश उत्सव पर महान धार्मिक समागम करवाया जाएगा। समगम के तहत 10 एवं 11 जून को कीर्तन दरबार सजाया जाएगा, जिसमें पंथ के प्रसिद्ध रागी, ढाडी व कविशरी जत्थे संगत को गुरुबाणी व सिख इतिहास से जोडेगें। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हरियाणा कमेटी के फेसबुक पेज एवं यू-ट्यूब चैनल के साथ-साथ अलग-अलग चैनलों पर करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधान साहिब ने कार्यक्रम की रूप रेखा बना कर इसे सफल बनाने का उत्तरदायित्व कार्यकारिणी समिति मैंबर विनर सिंह साहा, वे अंबाला से मैंबर सुदर्शन सिंह सहगल, भूपिंदर सिंह बिंद्रा

**8 हरियाणा कमेटी द्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब के प्रकाश उत्सव पर महान धार्मिक समागम करवाया जाएगा**

एवं तलविंदर पाल सिंह को दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनके अलावा संस्था के वष्ठि उपाध्यक्ष जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध,ख्कनिष्ठ उपप्रधान बाबा गुरमीत सिंह तिलोकेवाला, महासचिव मोहनजीत सिंह पानीपत, कार्यकारिणी समिति मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा सहित अन्य सभी मैंबर साहिबान इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। गुरुद्वारा साहिबान के कर्मचारियों के अलावा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज पंजोखरा साहिब के स्टाफ की भी समागम में सहयोग करने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। कार्यकारिणी समिति मैंबर विनर सिंह साहा ने बताया कि पंजाबी भाषा को प्रफुल्लित करने के लिए संस्था द्वारा पंजाबी की कक्षाएं लगाई जा रही हैं, जिसमें बच्चों को गुरमुखी की शिक्षा दी जा रही है। धर्म प्रचार के लिए भी कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। यही नहीं, पर्यावरण शुद्ध बनाने के लिए भी गुरुद्वारा साहिबान, शिक्षण संस्थानों में खाली भूमि पर पौधा रोपण किया जा रहा है। संस्था के सीईओ डीपी सिंह ने बताया कि हरियाणा कमेटी धर्म प्रचार, स्कूल कॉलेजों में शिक्षा स्तर ऊपर उठाने, स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### वैब सीरीज, शार्ट फिल्म्स और फिल्म्स के लिए कलाकारों का चयन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

कैनवस फिल्म्स एंड टीवी दिनांक 11 जून 2023,रवीवार को सुबह 11.00 बजे से लेकर शाम 06.00 बजे तक अम्बाला क्लब मॉडल टाउन अम्बाला सिटी में ऑडिशन आयोजित करके अपने नएं प्रोजेक्ट्स जैसे वैब सीरीज, शार्ट फिल्म्स और फिल्म्स आदि के लिए कलाकारों का चयन करने जा रहा है ' ऑडिशन में 8 साल के बच्चों से लेकर 60 साल तक के औरत,आदमी सब भाग ले सकते हैं ' ऑडिशन बिलकुल फ्री रहेगा और ऑडिशन फॉर्म्स का आवेदन 7056870719 और 9034857303 पर व्हाट्सप्प संदेश भेज कर किया जा सकता है ' कैनवस के निर्देशक श्री प्रमोद पब्बी के मुताबिक चयनित कलाकारों के प्रशिक्षण हेतु एक फ्री कार्यशाला आयोजित करने का प्रयास भी किया जायेगा ' कार्यकारी निमार्ता श्री अरविन्द सूरी ने बताया शूटिंग 10 जुलाई तक शुरू होने की संभावना है कैनवस फिल्म्स एंड टी वी पहले भी अम्बाला के करीब 130 कलाकारों को अपने प्रोजेक्ट्स आपां फेर मिलांगे(फिल्म),नया कुरुक्षेत्रा, एक चाँद मेरा भी और सिरनावां जैसे सीरियलस और स्टॉप लुक गो एवं गोई जैसी शार्ट फिल्मस के माध्यम से अभिनय का मौका प्रदान कर चुका है।

### कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने किया भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट का दौरा



**सोनीपत:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 11 जून को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट (आईआईएचएम) में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण तथा पशुपालन मंत्री जय प्रकाश दलाल ने शनिवार को आईआईएचएम का दौरा करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गन्नौर की बागवानी मार्केट उत्तर भारत की सबसे बड़ी मंडी बनेगी, जिससे समस्त प्रदेश के किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री दलाल ने कहा कि आईआईएचएम पिछले लंबे समय की परियोजना है, जिसे अब सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इसके लिए 2600 करोड़ रुपये का टेंडर किया गया है, जिसके तहत विभिन्न कार्य किये जायेंगे। इन कार्यों का शुभारंभ करने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल आयेंगे। इन कार्यों को पूर्ण करने की समयावधि दो वर्ष की रखी गई है। उन्होंने कहा कि मंडी शुरू होने पर यहां 30-40 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होगा। साथ में हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि गन्नौर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मंडी तैयार की जा रही है, जिसका विशेष लाभ हमारे किसानों को मिलेगा। इस दौरान उन्होंने कार्यों के शुभारंभ कार्यक्रम के दृष्टिगत हर प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा भी की । इस मौके पर गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि आईआईएचएम विशेष रूप से गन्नौर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को भी मार्केट का विशेष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर एसडीएम अनुपमा मलिक, डीडीपीओ राजपाल सिंह, एसई राजेश कक्कड़, नगर पालिका गन्नौर के चेयरमैन अरूण त्यागी, रामकुमार धनखड़, मनिंद्र सन्नी आदि गणमान्य व्यक्ति तथा अधिकारीगण मौजूद थे।

# मेयर शक्ति रानी को सचिव बनने पर दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**



हरियाणा जनचेतना पार्टी कार्यकर्ता सुखचैन सिंह सुखी बलाना की अध्यक्षता में गांव बलाना के ग्रामीणों ने अंबाला मेयर शक्तिरानी शर्मा से मुलाकात कर आभार जताया तो वही दूसरी तरफ मेयर शक्तिरानी शर्मा को ऑल इंडिया काऊंसिल आफ मेयर्स की कार्यकारिणी कमेटी की सचिव बनाए जाने पर बधाई दी। इस दौरान सुखचैन सिंह ने बताया कि गांव बलाना में कुछ दिन पहले संत कबीर दास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद कार्तिक शर्मा व मेयर शक्तिरानी शर्मा ने शिरकत की थी। इस दौरान मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद कार्तिक शर्मा ने अपने निजि कोष से धर्मशाला निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की थी। जिसका आभार जताने के लिए गांव बलाना से लोग व कमेटी के सदस्य आए थे। जिसके लिए सुखचैन सिंह सुखी बलाना, जगतार सिंह, रविदास मंदिर कमेटी के प्रधान भूपेंद्र सिंह, मास्टर कर्म सिंह, गुलशेर सिंह, काका, गुरनाम सिंह, नैब सिंह, जसवंत सिंह, बलजीत राम, गुरमीत सिंह, वीरेंद्र सिंह ब्लॉक समिति सदस्य ने मेयर शक्तिरानी शर्मा का आभार जताया।

# विद्यार्थियों ने 66वीं नेशनल खेल प्रतियोगिता में चार पदक जीते



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** नई दिल्ली में आईपीएससी द्वारा संचालित की जा रही 66वीं नेशनल खेल प्रतियोगिता में चार पदक प्राप्त किए है। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं निदेशक कर्नल अशोक मोर ने बताया कि स्कूल की तीन छात्राओं किरण, हिना और जैसमिन ने एक्रोबेटिक में ब्रॉज मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं साक्षी द्वारा रिदमिक अंडर-19 में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को पकड़ने में कामयाब रही हैं। वहीं दूसरी और मोतीलाल नेहरू खेल-कूद विद्यालय, राई के छात्रों द्वारा भोपाल में चल रही छात्र एवं छात्राओं की एसजीएफआई नेशनल वर्ग-19 बॉसिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया।

# नगर निगम अम्बाला ने किये जागरूकता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**



**हरियाणा** सरकार द्वारा शुरू किये गये उदय हरियाणा अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम द्वारा एमडीएसडी कोलेज में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे सभी किशोरी छात्राओं, अध्यापिकाओं और अन्य स्थानीय महिलाओ को स्वच्छता के बारे में बताया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वयं की स्वच्छता के बारे में जानकारी एवं सुझाव दिया जाना था। इस मौके पर कोलेज की प्रिंसिपल श्रीमति किरण आंगरा ने उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को स्वयं की स्वच्छता का महत्व समझाया एवं सभी को अपने स्वयं और अपने घर शहर को साफ सुथरा रखने की शपथ दिलाई। प्रिंसिपल ने बताया कि महिलाओं द्वारा स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए जाने की आवश्यकता है। महिलाओं को जागरूक किये बिना हम अपने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ नही बना सकते। इसके लिए जरुरी ही कि महिलायें खुद को भी स्वच्छ रखे, जिनसे वो बीमारियों से बच सके तभी वो अपने घर परिवार की देखभाल कर सकती हैं।

# अलियासपुर अम्बाला में व्याख्यान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

भर्ती मेडिकल अधिकारी अम्बाला कैंट मेजर अंशूल यादव के द्वारा 7 जून 2023 को 2वीं बटालियन एनसीसी के कैडेटों के लिए शिवालिक गुरूकुल अलियासपुर अम्बाला में एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह प्रेरक व्याख्यान कर्नल परमीन्दर, कमांडिग ऑफिसर और लेफ्टिनेट कर्नल विभोर, व्यवस्थापक अधिकारी 2वीं बटालियन एनसीसी अलियासपुर अम्बाला के अध्यक्षता में किया गया था, जिसमें 404 लडके और 156 लडकियों ने भाग लिया था। मेजर अंशूल यादव ने सभी कैडेटों को सम्बोधित किया।

# बीजेपी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**



गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी की बैठक अंबाला छावनी स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जिला अध्यक्ष राजेश बतौर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश बतौर ने बताया कि अम्बाला छावनी विधानसभा में जल्द ही संयुक्त मोर्चा सम्मेलन होने जा रहा है जिसमे भारतीय जनता पार्टी द्वारा बनाए गए तीनों मंडलों के मोर्चे जैसे महिला मोर्चा युवा मोर्चा ओबीसी मोर्चा एससी मोर्चा किसान मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारियों को सम्मिलित कर बैठक की जाएगी जोकि संयुक्त मोर्चा सम्मेलन होगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक समय सेवा के कार्य में तत्पर रहता है वह अपनी जिम्मेदारियों का पूर्णता निष्ठा से निर्वहन करता है उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल हो गया है भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से लोग जुड़ते चले जा रहे हैं पर यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ही स्वपन था कि उनकी विकास कार्य नीतियों और देश के प्रति सच्ची निष्ठा जन जन तक पहुंचाई जाए जिससे देश भक्ति का जज्बा भारतीय नागरिकों में जोश भर दे उन्होंने बताया कि आज हम एक नए भारत में हैं जोकि दिन-ब-दिन बाकी देशों को बिछड़ते हुए एक अलग ऊंचाई पर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की जाती है और वह मां भारती के सच्चे सपूत हैं। इस बैठक में अंबाला छावनी मंडल के प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल किरण पाल चौहान अजय पाराशर महामंत्री बी एस बिंद्रा संजीव सोनी रामबाबू यादव नरेंद्र राणा श्यामसुंदर अरोड़ा उपप्रधान सुभाष शर्मा विजय गुप्ता रेनू भामर विनीता शर्मा आरती सहगल ज्योति मीत गुलशन गुलाटी बिल्लू राणा रणधीर धीमान राजकुमार राजा राजू वाली राजकुमार राजा विजय कुमार साहिल राज अग्रवाल इकबाल ढांडा शम्मी चौहन विकास जैन आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं अभिकान्त वत्स ने दी।

# गोपीनाथ बोरदोलोई के जन्म दिन पर लगाया 454वां रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और असम के प्रथम मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई के जन्म दिन पर लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 454वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. अरुण धीमान ने शिविर की अध्यक्षता की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। शिविर में अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आज का शिविर भारतीय स्वतंत्रता

**8 भारतेन्दु हरीश ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में जनसेवा के कार्य सराहनीय हैं**

संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी गोपीनाथ बोरदोलोई को समर्पित हैं जिनका जन्म आज के दिन वर्ष 1890 में हुआ था। मुख्यातिथि पधारे समाजसेवी भारतेन्दु हरीश ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में जनसेवा के कार्य सराहनीय हैं। रक्तदान का कोई अन्य विकल्प नहीं है। शिविर में इन्होने किया रक्तदान- सुशील कुमार, राजेश कुमार, राहुल, मनीष कुमार, योगेश शर्मा, ऋतिक, ललित, सतीश कुमार, मंजीत सिंह, प्रदीप, बंटी, राकेश सैनी, विनोद, प्रमोद, सुरिन्द्र, सुरेंद्र कुमार, लवली कुमार, सलिंद्र पाल, सतपाल, जसविंदर सहित 20 युवाओं ने रक्तदान किया और 30 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया।

# मार्बल मार्केट के पास टूटे हुए सनौली रोड के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

**सरकार ने जल्द ही टूटे सनौली रोड की रिपेयर नहीं की तो आम आदमी पार्टी स्वयं व लोगों से चंदा मांगकर भरवाएगी सडक के गड्ढें**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**



पानीपत के गांव उग्राखेड़ी के नजदीक मारबल मार्केट के पास कई वर्षो से टूटे हुए सनौली रोड के विरोध में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने स्थानीय ग्रामीणों व दुकानदारों के साथ मिलकर शनिवार को सडक पर भरे पानी के बीच खड़े होकर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ और प्रदेश के संयुक्त सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने किया। आप कार्यकताओं ने टूटी हुई सडक का समाधान करने को लेकर काफी देर तक हरियाणा सरकार, सांसद संजय भाटिया और ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर राकेश चुघ व सुखबीर मलिक ने कहा कि सनौली रोड पिछले 5-6 सालों से उग्राखेड़ी की मारबल मार्केट के पास करीब पौना किमी के क्षेत्र में टूटी हुई है। इसके समाधान को लेकर आप व संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किये गये पर आज तक भी इसका कोई समाधान नहीं किया गया। आप नेताओं ने कहा कि अब अगले माह महाशिवरात्रि का पर्व है और इससे पहले ही कावंडियां हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने शुरू हो जाएगे। चुघ व मलिक ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि सरकार व प्रशासन ने मारबल मार्केट के पास टूटे हुई इस सडक का जुलाई के पहले सप्ताह तक समाधान नहीं किया तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता स्वयं, संगठनों, आसपास के दुकानदारों व स्थानीय लोगों से चंदा एकत्रित करेगें और उस चंदे की राशि से शिवरात्रि से पहले ही इस टूटी हुई सडक के गड्ढे भरवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सडक से रोजाना हजारों की संख्या में वाहन गुजरते है और सडक पर बने गड्ढों की वजह से रोजाना अनेकों विशेषकर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। सनौली रोड के आसपास के दर्जनभर से ज्यादों गांवों व कालोनियों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन मौजूदा भाजपा सांसद संजय भाटिया व पानीपत ग्रामीण विधायक इस तरह कोई ध्यान नहीं दे रहे है। इस अवसर पर राजकुमार मुंडे, देवन सलूजा, दीपक बग्गा, मनमोहन सिंह, नीलम प्रणामी, विकास तोमर, अर्जुन सिंह, बलजीत सिंह, योगेश कौशिक, प्रितपाल सिंह, प्यारेलाल गुप्ता, राजकुमार मिगलानी, इकबाल पानीपती, जोनी सग्गु, हरीश सलुजा, पवन गर्ग, पवन कोहली व शालू प्रणामी आदि मौजूद रहे।

# अब यमुना के कायाकल्प पर सरकार-एलजी में ठनी

## सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि यमुना में प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) लगातार जमीनी मुद्दों पर काम कर रहा है

### तनातनी

= एलजी ने संतोष जताते हुए कहा कि सभी विभागों और हितधारकों के प्रयासों का फल मिलना शुरू हो गया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**यमुना के** कायाकल्प मामले को लेकर एलजी और दिल्ली सरकार में फिर ठन गई है। उपराज्यपाल की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) की 5वीं बैठक में एलजी ने संतोष जताते हुए कहा कि सभी विभागों और हितधारकों के प्रयासों का फल मिलना शुरू हो गया है। पिछले एक साल में यमुना में शाहदरा नाले पर बीओडी का स्तर 40 जबकि आईएसबीटी पर 31 फीसदी की कमी का दावा किया गया है। उधर, दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि यमुना में प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) लगातार जमीनी







मुद्दों पर काम कर रहा है। नवंबर 2021 में 6 सूत्रीय कार्रवाई भी पहले ही साझा करने का दावा करते हुए श्रेय लेने की कोशिश का आरोप लगाया है। उधर, समिति की बैठक में बताया गया कि एलजी की निगरानी में गाद निकालने और नाले की सफाई से यमुना और नजफगढ़ ड्रेन के पानी की गुणवत्ता में लगातार सुधार हुआ है। एलजी ने यमुना के कायाकल्प के लिए किए प्रयासों पर संतोष जताते हुए कहा आपसी तालमेल बनाने की बात दोहराई। निर्धारित लक्ष्यों के साथ समिति ने 8 विशिष्ट कार्य क्षेत्रों के तहत यमुना के कायाकल्प की निगरानी कर रहा है। इसके तहत सीवेज का 100 प्रतिशत ट्रीटमेंट, सभी नालों की ट्रैपिंग, अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर में सीवरेज नेटवर्क का निर्माण, औद्योगिक प्रदूषण प्रबंधन, सेप्टेज प्रबंधन, यमुना बाढ़ क्षेत्र का जीर्णोद्धार, उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग औ नजफगढ़ झील की पर्यावरण प्रबंधन योजना शामिल हैं।

**तय वक्त में काम पूरा करें**

**अधिकारी :** उच्च स्तरीय समिति की बैठक में एलजी ने अधिकारियों को आगाह किया कि यमुना कायाकल्प से जुड़े कार्य तयशुदा वक्त के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। इसके लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि नजफगढ़ नाले की सफाई का काम एलजी की निगरानी में गठित समिति के बाद शुरू कर दिया गया। इससे नाले और यमुना के पानी की गुणवत्ता में सुधार आया है। पिछले एक साल में नाले और नदी के पानी में बीओडी के स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि यमुना के कायाकल्प के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से किए गए कामों का श्रेय लेने की लगातार कोशिश की जा रही है। हर कोई जानता है कि एलजी के पास दिल्ली जल बोर्ड और आईएफसी की किसी भी परियोजना को मंजूरी देने का कोई वित्तीय अधिकार नहीं है।

### कांग्रेस के साथ अब भाजपा भी चल रही आप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट करते हुए कांग्रेस और भाजपा पर लगभग तंज कसते हुए अपनी पार्टी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बाद भाजपा भी आम आदमी पार्टी की राह पर चल रही है जो अच्छी बात है। केजरीवाल ने ट्वीट किया 'कांग्रेस के साथ साथ बीजेपी भी 'आप' के बताए रास्ते पर चलने लगी। कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी 'आप' के मैनिफेस्टो की नकल थी।

# केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ 'आप' ने भरी हुंकार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ रविवार को रामलीला मैदान में एक महारैली का आयोजन करने जा रही है। पार्टी प्रवक्ता ने दावा किया है कि इस महा रैली में कम से कम एक लाख लोग पहुंचने वाले हैं। इससे पहले दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने रामलीला मैदान में महारैली की तैयारियों को लेकर जायजा लिया। आप पार्टी ने कहा कि दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब सीएम भगवंत मान समेत कई टॉप लीडर इस महारैली में शामिल होंगे। इसके अलाव सौरभ भारद्वाज, आतिशी और संजय सिंह के भी इस

### तैयारी

= इससे पहले दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने रामलीला मैदान में महारैली की तैयारियों को लेकर जायजा लिया

कार्यक्रम में पहुंचने की उम्मीद है। पार्टी प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि इस रैली में एक लाख लोग शामिल होंगे। आगे कहा कि आम लगातार लोगों को केंद्र के अध्यादेश के बारे में बता रही है। आगे कहा कि हम बड़ा अभियान चलाया है। हम लोगों तक पहुंच रहे हैं और इस अध्यादेश की वजह से हर दिन होने वाले प्रभाव के बारे में भी बता रहे हैं।

# फ्लैट में लगी आग, बुजुर्ग की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के उपनगर द्वारका में बीती रात एक फ्लैट में आग लगने से 85 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदन चंद्रा के रूप में हुई है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दमकल कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना रात 8:27 पर मिली थी। बताया गया कि आग द्वारका सेक्टर 10 के प्लॉट नंबर 24 स्थित मास अपार्टमेंट की एक बिल्डिंग की 7वीं मंजिल के फ्लैट में लगी है। मौके पर द्वारका और आसपास के दमकल स्टेशनों से 09 गाड़ियों को भेजा गया था। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।




प्रारंभिक जांच में पता चला कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी और पर्दे के होते हुए पूरे कमरे में फैल गई। उससे फ्लैट में मौजूद सदन चंद्रा बुरी अचेत होकर गिर गए। दमकलकर्मियों ने अचेत अवस्था में निकालकर बुजुर्ग को पास के इंदिरा गांधी अस्पताल में पहुंचाया। बाद में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस बिल्डिंग में आग लगी वह 9 मंजिल की थी। घर के बाकी सदस्य किसी काम से मार्केट या कहीं और गए हुए थे, उस दौरान सदन चंद्रा अकेले ही घर में मौजूद थे।

# कार के अंदर मिला युवक का शव, मुंह से आ रहा था झाग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

उत्तरी जिले के सिविल लाइंस इलाके में शुक्रवार को एक कार के अंदर युवक का शव मिला है। जिस कार में युवक का शव मिला है वह चालू हालत में थी, और युवक सीट पर पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाला और अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी के रहने वाले 21 वर्षीय सुमित गुप्ता के रूप में हुई।

**कैसे हुई मौत ?:** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत

### जांच जारी

= मृतक की शिनाख्त पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी के रहने वाले 21 वर्षीय सुमित गुप्ता के रूप में हुई

कैसे हुई अभी इसका पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

**मुंह से निकल रहा था झागः** डीसीपी कलसी ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10:10 बजे सूचना मिली कि सिविल लाइंस में संत परमानंद अस्पताल के सामने वेगनआर कार खड़ी है।



बीजेपी सांसद गौतम गंभीर जनता की समस्याओं को हल करने के बाद रूबरू होते हुए।

# मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई-कपिल सांगवान गैंग के दो गैंगस्टर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**क्राइम** ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के दो शूटर को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। दोनों एक स्थानीय नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या के मामले में वांछित थे। इनके पास से एक तुर्किये और एक ब्राजील मेड पिस्टल समेत सात कारतूस बरामद किए गए हैं। विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए शूटर का नाम पंकज उर्फ बाबा है। वह चिरावा, झुंझुनू, राजस्थान का रहने वाला है। दूसरा शूटर नाबालिग है।

**टीम ये पुलिसकर्मी रहे शामिलः**

### कुख्यात

= विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए शूटर का नाम पंकज उर्फ बाबा है

डीसीपी अंकित सिंह व एसीपी उमेश बर्थवाल के नेतृत्व में इंस्पेक्टर रामपाल एसआई हेमंत कुमार, मुकेश, एएसआइ नरेंद्र, हवलदार संजय, ओमबीर, अमित गुलिया, अमित सिंधु, रामदास, सिद्धार्थ, ओमबीर, सिपाही आशीष की टीम ने आरके स्टेडियम, सफदरजंग एन्क्लेव स्थित पार्क के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद




दबोच लिया। बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर तीन राउंड फायरिंग की। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में चार राउंड फायरिंग की। इनके पास से दो विदेशी पिस्टल और कारतूस के अलावा अपराध में इस्तेमाल बाइक जब्त की गई है।

**गैंग के दो वांछित अपराधियों की मिली सूचनाः** अपराध शाखा दिल्ली-एनसीआर में अपराध को रोकने के लिए अंतरराज्यीय अपराधियों सहित आपराधिक गिरोहों पर काम कर रही है। हाल ही में अपराध शाखा को लॉरेंस बिश्नोई-संपत नेहरा-कपिल नंदू-रोहित गोदारा गैंग के दो वांछित और सक्रिय अपराधियों के बारे में सूचना मिली।

**विरोधी गिरोह के बदमाश की हत्या की योजनाः** पुलिस जांच कर ही रही थी कि उन्हें यह भी सूचना मिली कि बदमाश विरोधी गिरोह की हत्या की योजना बनाने के लिए सफदरजंग एन्क्लेव में अपने सहयोगी से मिलने आएंगे। वे हमेशा अपने साथ हथियार रखते हैं और पुलिस टीम पर गोलियां चलाने से नहीं हिचकते हैं।

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार देर रात दो बजे जब उन्हें घेरकर समर्पण करने को कहा। तब दोनों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। इंस्पेक्टर रामपाल और एएसआइ नरेंद्र की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगी। वे बाल-बाल बच गए।

**अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेटः** पुलिस का कहना है कि यह अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान में व्यवसायियों की जबरन वसूली और प्रतिद्वंद्विता गिरोह के सदस्यों की हत्याओं को अंजाम दे रहा है। ये विदेश से काम कर रहे हैं, जिसने कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उनके विदेशी धन को ट्रैक करना मुश्किल बना दिया है।

# पहचान छिपाकर शाहरुख ने युवती से बनाए संबंध



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के करावल नगर पुलिस थाने में एक किशोरी ने शाहरुख नाम के लड़के के खिलाफ अपनी पहचान छिपाकर दोस्ती करने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को करावल नगर थाने में एक 22 वर्षीय किशोरी ने शाहरुख नाम के लड़के के खिलाफ पहचान छिपाकर खुद को हिन्दू के रूप में पेश कर दोस्ती करने का आरोप लगाया है।

**अक्टूबर 2020 में हुई थी दोस्तीः** साथ ही युवती ने बताया कि शाहरुख से उनकी दोस्ती अक्टूबर 2020 में हुई थी। दोस्ती के बाद आरोपित ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। युवती को जनवरी, 2023 में उसकी सच्चाई पता चली। इसके बाद

### आरोपी गिरफ्त में...

= शाहरुख से उनकी दोस्ती अक्टूबर 2020 में हुई थी। दोस्ती के बाद आरोपित ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए

युवती ने आरोपित से अपना संबंध तोड़ना चाहती थी। युवती ने आगे शिकायत में बताया कि दोस्ती के दौरान शाहरुख ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड कर ली थी, जिसकी जानकारी उसको नहीं थी। वहीं, युवती द्वारा संबंध तोड़ने की बात कहने पर शाहरुख ने उसको धमकाना शुरू कर दिया और कहा कि अगर वह दोस्ती तोड़ेंगी तो उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर देगा।

# छात्रा के अपहरण-छेड़छाड़ मामले में दूसरा आरोपी दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पुलिस** ने जेएनयू में छात्रा के अपहरण व छेड़छाड़ के मामले में एक और आरोपी महावीर को गिरफ्तार कर लिया है। महावीर मुख्य आरोपी अभिषेक का दोस्त है। आरोपी पढ़ाई कर रहा है। पुलिस फरार दो साथियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि महावीर भी पुलिस को गुमराह कर रहा है। उसका कहना है कि चारों जेएनयू में गए जरूर थे, लेकिन उन्होंने किसी छात्रा से छेड़छाड़ और अपहरण का प्रयास नहीं किया। हालांकि, पीएचडी के छात्र रणधीर की पिटाई की थी। रणधीर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ किशनगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। बुधवार रात पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जेएनयू

### दबिश

= महावीर मुख्य आरोपी अभिषेक का दोस्त है। आरोपी पढ़ाई कर रहा है। पुलिस फरार दो साथियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही

से भाषा (दूसरा वर्ष) की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने वसंतकुंज (नार्थ) थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। करीब सवा ग्यारह बजे सहेली के साथ जेएनयू में रिंग रोड पर घूम रही थी। इस बीच एचआर 26डीएन 2623 स्विफ्ट कार में दो-तीन युवक वहां पहुंचे और छात्राओं से छेड़छाड़ और बदतमीजी करने लगे। इसके बाद एक युवक कार से उतरा और छात्रा को बाल पकड़कर घसीटकर अगवा करने का प्रयास किया। छात्राओं ने शोर मचाया तो आरोपी भागकर जेएनयू कैंपस के बाहर आ गए और कार का गेट खोलकर खड़े हो गए।

# दिल्ली में लगातार बढ़ रही है बिजली की खपत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** गर्मी बढ़ने के बाद एक बार फिर से बिजली की मांग छह हजार मेगावाट के ऊपर पहुंच गई है। शुक्रवार अपराह्न साढ़े तीन बजे मांग 64 सौ मेगावाट के ऊपर पहुंच गई। बिजली अधिकारियों का कहना है कि मौसम की यही स्थिति रही तो अगले कुछ दिनों में मांग सात मेगावाट के ऊपर पहुंच सकती है। बीच-बीच में हो रही हल्की वर्षा व बादल छाने से इस बार पिछले

### मांग

= बिजली अधिकारियों का कहना है कि मौसम की स्थिति रही तो अगले कुछ दिनों में मांग सात मेगावाट के ऊपर पहुंच सकती है

वर्षों की तुलना में बिजली की खपत कम रही है। पिछले वर्ष मई के अधिकांश दिन मांग छह हजार मेगावाट से ऊपर रही थी। इस बार 22 मई को 65 सौ मेगावाट से ऊपर और 23 मई को 69 सौ



मेगावाट के ऊपर बिजली की अधिकतम मांग पहुंची थी। उसके बाद मौसम में बदलाव होने से मांग कम होने लगी थी।

**दो दिनों में बढ़ी बिजली की मांगः** जून के पहले सप्ताह में भी मांग कम रही। पिछले वर्ष एक जून में अधिकतम मांग 65 सौ से 69 सौ मेगावाट तक रही थी। इसकी तुलना में 55 सौ मेगावाट से नीचे मांग दर्ज हुई। पिछले दो दिनों से इसमें बढ़ोतरी हो रही है। इस माह पहली बार बृहस्पतिवार को अधिकतम मांग छह हजार मेगावाट से ऊपर पहुंची है। अधिकारियों का कहना है कि गर्मी बढ़ने पर एयर कंडीशनर और अन्य उपकरण ज्यादा चलने से बिजली की खपत बढ़ती है

# महाठग संजय शेरपुरिया की ईडी हिरासत चार दिन के लिए बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली की** पटियाला हाउस कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय प्रकाश राय शेरपुरिया की ईडी हिरासत अगले चार दिनों के लिए बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दी गई सात दिनों की रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को उसे पेश किया गया। विशेष जज शैलेंद्र मलिक ने ईडी और आरोपी के वकील की दलीलें सुनने के बाद शेरपुरिया की हिरासत हिरासत बढ़ा दी। ईडी ने डालमिया परिवार कार्यालय ट्रस्ट से दान के रूप में प्राप्त धन और गुजरात में संपत्ति की बिक्री से उत्पन्न धन व अन्य व्यक्तियों के बयान दर्ज करने के संबंध में आगे की जांच करने के लिए सात और दिनों के लिए रिमांड मांगी थी।

# देशभर में लोगों को ठगने वाला ट्रैवल एजेंट को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## फ्लाइट-वीजा में छूट देने का भेजता मैसेज; रकम से खेलता जुआ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने लोगों को ठगने वाले एक ट्रेवल एजेंट को गिरफ्तार किया है। वह लोगों को फ्लाइट के टिकट पर बड़ा डिस्काउंट और वीजा पर छूट देने का झांसा देता था। आरोपी पूरे भारत में लोगों के मोबाइल पर मैसेज भेजता था। पुलिस ने बताया कि पालम गांव के दशरथपुरी निवासी कमल सिंह को गोवा से गिरफ्तार किया गया। कमल ने लोगों से करीब 40 लाख रुपये की ठगी की और पैसे को सट्टे में खर्च कर दिया। अंकुर नाम के एक व्यक्ति ने 1 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि किसी ने उसे फ्लाइट टिकट और पोलैंड के वीजा पर छूट देने की



पेशकश कर 4.86 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ने अपनी जांच शुरू की। कॉल रिकॉर्ड के आधार पर गोवा के मडगांव में सिंह का पता लगाया और मंगलवार को एक होटल में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, सिंह ट्रेवल एजेंसियों में काम करता था और अमीर लोगों से उसके अच्छे संपर्क थे।

# दिल्ली के बुराड़ी इलाके में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बुराड़ी इलाके में देर रात एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस घटना की सूचना सुबह मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सब्जी मंडी शव गृह में सुरक्षित रखवा दिया है।

**शरीर पर चोट के गंभीर निशानः** मृतक के सिर समेत शरीर पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही है। डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार, पुलिस को बुराड़ी फ्लाईओवर के पास निर्माणाधीन मेट्रो पिलर नंबर-दो के पास फुटपाथ पर एक अधेड़ का शव पड़े होने की सूचना मिली।

**50 से 55 साल के बीच है उम्रः** पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल लेकर गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। उसकी उम्र करीब 50 से 55 साल के बीच में हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मैटर ने बाइक ऐरा के लिए 50,000/- तक के लाभ के साथ विशेष ऑफर्स की घोषणा की

**नई दिल्ली।** प्रमुख तकनीकी-नवाचार आधारित स्टार्ट-अप, मैटर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रोमांचक ऑफर्स की पेशकश कर रहा है। प्रारंभिक प्री-बुक ऑफर्स के लिए ग्राहकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, मैटर इस अवसर को देश भर के ग्राहकों तक पहुँचा रहा है। मैटर ऐरा की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए, हम जून में उन ग्राहकों के लिए एक्सक्लूसिव एक्सपीरियंस राइड की पेशकश करके बेहद उत्साहित हैं, जो व्हीकल की सफलतापूर्वक प्री-बुकिंग कर चुके हैं। यह अवसर सीमित समय के लिए है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति उन जागरूक व्यक्तियों को आकर्षित करना है, जो पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय रूप से योगदान करते हुए अत्याधुनिक तकनीक को अपनाने की इच्छा रखते हैं। 6 जून, 2023 से पूरे भारत में मैटर ऐरा 5000 और 5000 प्लस की प्री-रजिस्टर कीमतें क्रमशः 1,73,999/- और 1,83,999/- होंगी। मोहल लालभाई, फाउंडर और ग्रुप सीईओ, मैटर, ने कहा, "बीते कुछ समय में देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को लेकर रुचि और उत्साह में विशेष रूप से बढ़त देखी गई है। यह तब स्पष्ट हुआ, जब हमारे पिछले प्री-बुक ऑफर्स के दौरान ग्राहकों से हमें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। ग्रीन मोबिलिटी भारत को अपने नेट जीरो गोल्स हासिल करने में मदद करने, नए मानक स्थापित करने और यह दशार्ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि टेक्नोलॉजी किस प्रकार कुशल सेवाओं और समाधानों को सक्षम बनाती है। हम देश भर में अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। यह देश में ईवी और हम सभी के लिए रोमांचक घड़ी है। मैटर ऐरा मोटरबाइक हमारे उस समर्पण भाव को दशार्ती है, जो कुशल, टिकाऊ और तकनीकी रूप से उन्नत समाधान प्रदान करने और ग्रीन मोबिलिटी के नए भविष्य को आकार देने के बारे में है।"

### मैजिक्रीट एएसी ब्लॉक: बढ़ती गर्मियों के बीच एक ठंडा और सुरक्षित निर्माण

**गुरुग्राम।** भारत हाल के वर्षों में अभूतपूर्व गर्मी का सामना कर रहा है, जहां हीटवेव्स और तापमान बढ़ता जा रहा है। वर्ल्ड वेदर एट्रीब्यूशन समूह के अनुसार, यदि वैश्विक गर्मी 2डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाती है, तो इस प्रकार के हीटवेव्स प्रति पांच वर्ष में हो सकती हैं। इस परिभाषण के मुताबिक, हर किसी के लिए महत्वपूर्ण है कि उच्चतम तापमान के साथ निपटने के विकल्पों का पता लगाया जाए। मैजिक्रीट बील्डिंग सल्यूशन्स इन चुनौतियों का सामना करने के लिए समाधान प्रस्तुत करती हैं - मैजिक्रीट एएसी ब्लॉक्स यह एक हल्की निर्माण सामग्री हैं जो पारंपरिक लाल ईंट की जगह उपयोग होती हैं। इनका मुख्य फायदा यह है कि इसमें उच्च तापमान इन्सुलेशन गुण है, जिससे इमारत का अंदरीय तापमान बाहरी तपमान की तुलना में 5डिग्री सेल्सियस तक ठंडा रहता है। ऊर्जा संरक्षण के महत्व को पहचानते हुए, पावर मंत्रालय ने हाल ही में निवासीय इमारतों के लिए एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड (ई सी बी सी) पेश किया है। यह कोड इमारतीय परिदृश्य पर केंद्रित है जो नए आवास में प्रकाश और ठंडक के लिए आवश्यक ऊर्जा को कम करने का उद्देश्य रखती है। ई सी बी सी उच्च थर्मल सलूशन वाली निर्माण सामग्री का उपयोग करने पर जोर देती है। मैजिक्रीट एएसी ब्लॉक्स इस संबंध में अग्रणी हैं, क्योंकि इसकी थर्मल रेटिंग अन्य दीवार निर्माण सामग्री में सबसे बेहतर है, इसका अर्थ ही की ब्लॉक्स से निर्मित घरों की दीवारे बाहर की गर्मी अंदर नहीं आने देती हैं, जिसके कारण अंदर का तापमान 5डिग्री सेल्सियस तक ठंडा रहता है। एएसी ब्लॉक्स की ऊर्जा सरक्षण के लाभों के अलावा, ये आग से भी सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसके अलावा एएसी ब्लॉक्स से ४ गुना तेजी से निर्माण होता है और यह ध्वनी और भूकंप प्रातिरोधी भी हैं। मैजिक्रीट, भारत की प्रमुख नवीनिकरण निर्माण सामग्री कम्पनी है जिसने अभी तक कई निर्माण उत्पादों की जिनमें एएसी ब्लॉक, एएसी वॉल पैनल, निर्माण रासायनिक (जैसे कि टाइल एडहेसिव और वरवाटरप्रूफिंग समाधान), और मॉड्यूलर प्रीकास्ट समाधान शामिल हैं।

### हैप्पीनेस ट्रक 4.0 ने नालागढ़, बद्दी, करनाल और नई दिल्ली में उत्साह बढ़ाया

**करनाल।** एनबीसी बियरिंग्स - सीके बिड़ला ग्रुप द्वारा प्रस्तुत और वॉल्वोलाइन कमिंस द्वारा संचालित तथा मोटरइंडिया द्वारा आयोजित अपनी तरह का एकमात्र 'हैप्पीनेस ट्रक 4.0', बड़े जबरदस्त रोमांच और समारोहपूर्वक कश्मीर से सहर्ष रवाना किया गया।'हैप्पीनेस ट्रक 4.0' कैंपेन में उद्योग के टॉप ब्रांड्स एकजुट हुए हैं, जिनमें सीके बिड़ला समूह की इकाई, एनबीसी बियरिंग्स, (टाइटल पार्टनर), वॉल्वोलाइन (द्वारा संचालित), भारतबेंज (ट्रक पार्टनर), गेट्स (पावर ट्रांसमिशन पार्टनर), केटी टेलीमेटिक (नेविगेशन पार्टनर), अलक्राफ्ट (थर्मल मैनेजमेंट पार्टनर), सेटको (क्लच पार्टनर), एक्सेलाइट-डीएच लाइटिंग (लाइटिंग पार्टनर), विक्स फि ल्टर्स मान+हम्मेल (फि ल्ट्रेशन पार्टनर) का उत्पाद ब्रांड, और टाटा ग्रीन बैटरीज (बैटरी पार्टनर) शामिल हैं।

# कृषि मंत्री ने किया अंतरराष्ट्रीय बागवानी मार्केट का दौरा

## -मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के तहत किया तैयारियों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

।मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 11 जून को भारतीय अंतरराष्ट्रीय बागवानी मार्केट (आईआईएचएम) में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण तथा पशुपालन मंत्री जय प्रकाश दलाल ने शनिवार को आईआईएचएम का दौरा करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गन्नौर की बागवानी मार्केट उत्तर भारत की सबसे बड़ी मंडी



बनेगी, जिससे समस्त प्रदेश के किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री दलाल ने कहा कि आईआईएचएम पिछले लंबे समय की परियोजना है, जिसे अब सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इसके लिए 2600 करोड़ रुपये का टेंडर किया गया है, जिसके तहत विभिन्न कार्य किये जायेंगे। इन कार्यों का शुभारंभ करने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल आयेंगे। इन कार्यों को पूर्ण करने की समयावधि दो वर्ष की रखी गई है। उन्होंने कहा कि मंडी शुरू होने पर यहां 30-40 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होगा। साथ में हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की मंडी तैयार की जा रही है, जिसका विशेष लाभ हमारे किसानों को मिलेगा। इस दौरान उन्होंने कार्यों के शुभारंभ कार्यक्रम के दृष्टिगत हर प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा भी की । साथ ही उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि आईआईएचएम विशेष रूप से गन्नौर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## सामवेद पारायण महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

आर्य समाज मंदिर हुड्डा सेक्टर 12 पानीपत में चल रहे सामवेद पारायण महायज्ञ एवं भव्य राम कथा का शुक्रवार देर शाम को पांचवां दिन संपन्न हुआ। वहीं सुबह की पवित्र वेला में सामवेद के मंत्रों का पाठ करते हुवे आचार्य डॉ मनु आर्य जी ने यज्ञ के सत्र को पूर्ण करवाया, जिसमें यजमानों ने घी एवं सामग्री की आहुति देकर पुण्य प्राप्त किया। जबकि सायं काल के सत्र में भव्य राम कथा में आचार्य कुलदीप शास्त्री ने सीता जी की मिथिला से विदाई पर राजा जनक के द्वारा सीता जी को जो उपदेश दिया था, उसका वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि वह उपदेश आज सभी गृहस्थियों को अपने जीवन मे अवश्य धारण करना चाहिए, जिससे जीवन में उन्नति हो सके। वहीं कथा में अयोध्या आगमन पर मां सीता का किस प्रकार स्वागत हुआ, इसका वर्णन भी किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज मंदिर में नगर के गणमान्य लोग एवं सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 'आर्य शिक्षण संस्थाएं बच्चों को दे रही है उच्च कोटि की शिक्षा व वैदिक संस्कार'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के सभागार में शनिवार को विद्यालय प्रबंधक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक समिति के मैनेजर आर्य जसवीर गवालड़ा ने की। प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने सभी का स्वागत किया और कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में स्कूल प्रबंधक समिति के सदस्य एडवोकेट दीपांशु व महेंद्र आर्य मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रबंधक आर्य जसबीर ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिसके बल पर सामान्य मनुष्य भी महामानव बन सकता है । इसी के दृष्टिगत भारत की सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा और वैदिक संस्कार देने का कार्य कर रही है। अंध विश्वास व अज्ञानता को समाप्त करने के लिए हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक, प्रदेश के एक लाख आर्य वीरों और आर्य वीरांगनाओं को प्रशिक्षण देने का काम इस समय कर रही है।

## सड़क पार कर रहे युवक को वाहन ने कुचला, मौत

**मथुरा।** दिल्ली आगरा हाईवे को पार कर रहे युवक को पीछे से आए अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल लेकर जाने लगी लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर की ऑफिसर कालौनी निवासी कुमार पाल पुत्र स्व॰ टोंटा उम्र करीब 35 वर्ष मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। शुक्रवार की रात को वह मजदूरी कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह टैक्सी स्टैंड के निकट दिल्ली आगरा हाईवे पर पहुंचकर सड़क पार करने लगा। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह घायल हो गया।

## स्विमिंग में सनराइज इंटरनेशल स्कूल के एसीएन स्विमिंग अकादमी का जलवा

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

सब जूनियर एवं सीनियर जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता 8 जून से 9 जून को रिषीहुड विश्वविद्यालय बहालगढ़ सोनीपत में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्विमिंग एसोसिएशन व उनकी टीम ने आयोजन किया। विभिन्न स्कूलों व अकादमी के करीब 100 बच्चो ने 6 से लेकर 25 साल के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया स्विमिंग के 116 इवेंट की प्रतियोगिता हुई। इसमें सनराइज इंटरनेशल स्कूल के एसीएन स्विमिंग अकादमी टीडीआई सिटी कुंडली सोनीपत के बच्चो ने सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्रुप फाइव के चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। इनके 26 लड़को और




लड़कियों ने भाग लिया। ओपन ग्रुप से रोबिन, तुशीर , आवतांश , आशीष ,कुनाल ,इशिका तुशीर, वन ग्रुप से निशिका तुशीर- ,सिमरन धूल, टू ग्रुप से साकेत तुशीर ,तरुन तुशीर,प्रिंस तुशीर,राहुल तुशीर ,गौरव धूल, शुभम धूल ,दिया धूल ,दीपिका तुशीर, थ्री ग्रुप से रितिविक ,अरहंत खत्री,अंजलि धूल, तृषा ,येसना चौहान ,श्रेया , फोर ग्रुप से मीरा चौहान( जिसने व्यक्तिगत चैम्पियनशिप भी लिया )

# कमिश्नर ने गिरिराज परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

कमिश्नर आगरा ने गोवर्धन में मुड़िया मेला की व्यवस्था को लेकर डीएम, एसएसपी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक कर 20 जून से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके उपरांत गिरिराज परिक्रमा मार्ग एवं मेला में आने वाले यात्रियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था देखी। परिक्रमा मार्ग पर नालियों का गंदा पानी बहते देख कमिश्नर ने नाराजगी जताई, डीएम ने ईओ और जल निगम के एक्स ई एन को फटकार लगाई। शनिवार को कमिश्नर आगरा अमित गुप्ता,



डीएम पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश पांडेय सहित अधिनस्थ अधिकारियों के साथ गोवर्धन पहुंचे। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में संबंधित अधिकारियों के साथ मुड़िया मेला व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके उपरांत कमिश्नर गुप्ता ने डीएम के साथ गोवर्धन राधाकुंड बाईपास मार्ग पर पार्किंग व्यवस्थाएं देखी , उचित पार्किंग व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताते हुए पुनः पार्किंग स्थल चिन्हित कर ठेका उठाने के निर्देश दिए। इसके बाद गोल्फ कार्ट में बैठकर परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। आन्यौर परिक्रमा मार्ग स्थित गिरिवर निकंज के सामने नालियों का गंदा पानी परिक्रमा मार्ग पर बहता देख कमिश्नर का माथा ठनक गया। डीएम से इसपर नाराजगी जताई। डीएम पुलकित खरे ने ईओ आलोक कुमार और जल निगम के एक्स ई एन को तलब कर फटकार लगाते हुए 20 जून तक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

**निरीक्षण में ये रहे मौजूद**

मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं के निरीक्षण में कमिश्नर अमित गुप्ता के साथ डीएम पुलकित खरे, एस एसपी शैलेश पांडेय, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नगेंद्र प्रताप, सचिव राजेश कुमार सिंह, एडीएम विजय शंकर दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे, एसडीएम कमलेश गोयल, सीओ राम मोहन शर्मा, नायब तहसीलदार ब्रजेश कुमार, एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी, जेई राहुल शर्मा आदि उपस्थित थे।

**बाईपास पर गड्ढे देख रुक गया काफिला:** मुड़िया मेला व्यवस्था की हकीकत जानने गोवर्धन पहुंचे कमिश्नर अमित गुप्ता और डीएम का काफिला गोवर्धन बाईपास से राधाकुंड की ओर गुजरा तो सड़क किनारे गड्ढे देख कमिश्नर की गाड़ियों का काफिला रुक गया। गड्ढे देख कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार लगाई।

## न्यूटन स्कूल ने लांच किया अपना पहला ऑन-कैम्पस बैचलर प्रोग्राम

**गुरुग्राम।** **बैंगलुरु** का नियो-यूनिवर्सिटी न्यूटन स्कूल गैर-पारंपरिक परिणाम-चालित तकनीकी शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय है। इस नियो-यूनिवर्सिटी ने हाल ही में ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से अपना पहला ऑन-कैम्पस अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम लांच किया है। ऋषिहुड यूनिवर्सिटी दिल्ली एनसीआर में स्थित है। अपनी किस्म का अनूठा 4 वर्षीय रिहाइशी अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम (कंप्यूटर साइंस व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में) न्यूटन स्कूल के सफर में एक और प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा। न्यूटन स्कूल कौशल-आधारित शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा में एक बड़ा बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह स्कूल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र के भावी तकनीकी लीडरों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यहां योग्य शिक्षक हैं, सॉफ्टवेयर उद्योग के लीडरों से विद्यार्थियों का संवाद होता है, इसके पाठ्यक्रम में वैश्विक शैक्षिक यात्राएं भी शामिल हैं, अनिवार्य सवेतन इंटर्नशिप है, विद्यार्थियों के लिए मैकबुक उपलब्ध हैं। विशाल परिसर वाले न्यूटन स्कूल में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के साथ गठबंधन के बारे में न्यूटन स्कूल के सह-संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, हमारा लक्ष्य है इनोवेशन को पोषित करना और भविष्य के लीडरों को आकार देना। आने वाले कल में ये लीडर टेक्नोलॉजी की सरहदों को नए मायने देंगे। यह प्रोग्राम विद्वान शिक्षकों और इंडस्ट्री विशेषज्ञों द्वारा कराया जाएगा, जिसमें वास्तविक जीवन के अनुभवों एवं शिक्षण का मिश्रण होगा। हम सर्वश्रेष्ठ संभव तरीके से विद्यार्थियों को विकसित होने में मदद करना चाहते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर "सेव अर्थ मिशन" के तहत वैश्विक सामुदायिक रैलियों का आयोजन

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के साथ पृथ्वी पर बढ़ रहे खतरे से निपटने की आज जहां जरूरत है उसे ध्यान में रखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस को केंद्र में रखते हुए "सेव अर्थ मिशन" ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ मिशन की शुरुआत की है। इस मिशन में 68 देशों के 1500 से प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। "सेव अर्थ मिशन" विश्वभर में 10 मिलियन से अधिक लोगों से बना एक समुदाय है, जिनका लक्ष्य पृथ्वी को बचाना है। "सेव अर्थ मिशन" द्वारा पृथ्वी को बचाने के लिए की जा रही प्रवृत्तियों ( प्रयासों) में पौधा रोपण अभियान, प्लास्टिक विरोधी अभियान, पौधों के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग और कम कार्बन वाली जीवन शैली के बारे जागरूकता बढ़ाना आदि शामिल हैं। जहां जहां सेव अर्थ मिशन समुदाय की उपस्थिति है वहां पर यह कार्य किया जा रहा है। सेव अर्थ मिशन के वैश्विक संस्थापक संदीप चौधरी ने बताया कि " यह खुद को और दूसरों को याद दिलाने का बेहतर अवसर है कि पृथ्वी ही एक मात्र घर है और हमें इसे बचाने के लिए अपनी शक्ति लगानी चाहिए।

## विभिन्न दस्तावेजों में त्रुटियों ठीक करने के लिए लगा कैंप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**10 जून।** हरियाणा सरकार के आदेशानुसार आज सोनीपत नगर निगम द्वारा सोनीपत में नागरिकों के विभिन्न दस्तावेजों में त्रुटियों को दूर करने के लिए वार्ड वाइज कैंप लगाए गए। किसी भी लाभार्थी को कोई असुविधा ना हो और आम जनता के सभी काम सुचारू रूप हो, इसको सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा ने आज अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी के साथ इन कैंपों का औचक निरीक्षण किया। भाजपा नेता ललित बत्रा ने



बताया कि आम जनता के विभिन्न दस्तावेजों में त्रुटियों ठीक करने के कार्य को लिए नगर निगम सोनीपत द्वारा एक आम जनता के विभिन्न दस्तावेजों में त्रुटियों ठीक करने के कार्य को लिए नगर निगम सोनीपत द्वारा एक अभियान के रूप में लिया गया है अभियान के रूप में लिया गया है जिसके तहत यह कैम्प लगाए गए हैं और इन केंद्रों में वह खुद जाकर इस बात की निगरानी कर रहें है कि सोनीपत के किसी नागरिक को कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। भाजपा नेता ने कहा कि फिर भी यदि किसी नागरिक को कोई दिक्कत आती है तो उनसे कभी भी संपर्क कर सकता वह आम जनता के लिए हर वक्त उपलब्ध हैं।

जिन केंद्रों का निरीक्षण किया गया उनमें मुख्यतः सेक्टर- 14 सामुदायिक केंद्र, जैन विद्या मंदिर, मालवीय शिक्षा सदन, सर्व जातीय धर्मशाला वेस्ट रामनगर और जंज घर कच्चे क्वार्टर रहे। इन कैंपों में काम कर रहे कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी से काम करने की हिदायत दी गई और उन्हें किसी भी किस्म की कोताही न बरतने के लिए आगाह भी किया।

# 'गठबंधन सरकार से बेरोजबार युवा, किसान, मजदूर परेशान'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

समालखा हलके से कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने गांव गढी बैसक से कलीयर शरीफ दरगाह जाने के लिए एयर कंडीसनर निःशुल्क बस सेवा की हरी झंडी दिखा कर रवाना की है। ओर विधायक छौक्कर ने आसपास के 12 गांवों के ग्र?ामीणों को कहा कि अब जल्द ही ब्?ी बैसक-राणा माजरा से ही पानीपत शहर स्कूल, कॉलेज में पढने जाने-आने के लिए लडकियों के लिए बस सेवा शुरू की जाएगी ताकि क्षेत्र की लडकियां गांवों से शहर में उच्च शिक्षा ग्र?हण कर जीवन में कामयाबही हासिल कर सके। छौक्कर ने कहा कि इस क्षेत्र से बस सुविधा ना मिलने पर अभिभावक गांवों से शहर लडकियो को स्कूल,




कॉलेज में पढने के लिए नही भेज पाते है। अब लडकियो को स्कूल, कॉलेज में पढने के लिए उनकी ओर से निःशुल्क बस सेवा शुरू की जाएगी ताकि पिछडे क्षेत्र से लडकियो उच्च शिक्षा हासिल कर आगे बढे। और छौक्कर ने कहा कि वे इस बार विपक्ष के विधायक है विकास कार्यो को वे करवा रहे है मगर जो बडी घोषणाएं व काम है उन्हें पुरा नही करा पा रहे है। आगामी विधानसभा चुनाव में उनको जनता चनती है और प्र?देश में कांग्र?स पार्टी की सरकार बनेगी तो वे इस क्षेत्र में लडकियो के लिए अलग से स्कूल, कॉलेज, आईटीआई आदि कई बडे कार्य प्र?मुखता से कराएं जाएगें। और छौक्कर ने कहा अब चुनाव नजदीक आने पर अनेक नेता झुटे वायदे कर वोट लेने के लिए आएगें उनके सावधान रहे बहकावे में ना आए। और छौक्कर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि हलके में किसी भी सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार नही होने दिया जाएगा। हलके की जनता उन्हें सरकारी विभागों तहसील, बीडीपीओं, बिजली विभाग आदि में कार्य करवाने के लिए पैसे लेने की बाते बता रहे हैं। वे हलके के हर विभागो में अब बारी-बार से जनता के साथ निरिक्षण भी करेगें। और भ्रष्टाचार फैलाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को हलके से बाहर भेजने का काम करगें। और छौक्कर ने कहा कि उन्होंने हल्के के 25 से अधिक गांवों में सडको को बनवाने की मंजदूरी मिल गई है है जिनका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

## जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल के बच्चों को मिलीं चरण पादुका

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

मथुरा में शिक्षा से वंचित सैकड़ों बच्चों को शिक्षा एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही। संस्था जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केन्द्र पर सेकडो बच्चों को चरण पादुका वितरण की गयी। संस्था के संचालक सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि हमारे केन्द्रों पर गरीब पृष्ठभूमि के मजदूरी करने वाले परिवारों के लगभग 300 बच्चों को शिक्षा दी जाती है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्रों पन्ना पोखर, लाजपत नगर भीम नगर एवं गोपाल नगर पर लगभग 300 बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है। जस्टिस फॉर



चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र पन्ना पोखर के जूते पाकर बच्चों के चेहरे खिलखिला उठे। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी ने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्रों के संचालक सतीश चंद्र शर्मा द्वारा काफी वर्षो से झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद बच्चो को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़े जाने के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि समर्थवान लोगो को इन केंद्रों के बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आवश्यक जरूरत की वस्तुओं के लिए समय समय पर आगे आना चाहिए।

# ट्रेन हादसे में दिवंगतों के लिए खेड़ा खुर्द में निकाला कैंडल मार्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के खेड़ा खुर्द स्थित मान एंक्लेव में उड़ीसा के बालासोर में तीन ट्रेनों के एक साथ टकराने से हुए भीषण हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।
पूर्व सैनिक सेवा परिषद दिल्ली के महासचिव सार्जेंट राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने मान एन्कलेव में दिवंगत नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल मार्च निकाला गया। वही मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा।
साथ ही सभी ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और परिजनों को इस भयावह घटना में अपनों को खोने वाले पीड़ित परिवारों को संभल मिले और घायलों को जल्द से





जल्द ईश्वर स्वस्थ करें। श्रद्धांजलि पश्चात सार्जेंट राजेंद्र सिंह ने कहा कि उड़ीसा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में करीब 300 लोग काल का ग्रास बन गए। सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा मानवीय भूल के कारण हुआ, जिसके कारण पूरे देश में शोक की लहर है। इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिजनों के साथ देश का प्रत्येक नागरिक खड़ा है। वही इस रेल हादसे से सरकार को सीख लेनी चाहिए कि आने वाले समय में ऐसे कोई और अप्रिय घटना न हो, साथ ही रेलवे की खामियों को दूर करने का भी प्रयास किया जाना चाहिए। कैंडल मार्च में महावीर सिंह, पृथ्वीराज, ओमप्रकाश, प्रेम सिंह, राजेंद्र, शोभित, संजय, प्रेम राज, प्रतीक सिंह, मनोज कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 'सरना व जी.के स्वयं पर लगे आरोपों का जवाब संगत को दें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि संगत द्वारा बुरी तरह से नकारे जाने के बाद भी जागो पार्टी के अध्यक्ष मनजीत सिंह जी.के व अकाली नेता परमजीत सिंह सरना झूठ बोल कर दुष्प्रचार कर रहे हैं। सरदार हरमीत सिंह कालका और सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि बीते दिन मनजीत सिंह जी.के. व परमजीत सिंह सरना ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए झूठ बोला कि अदालत ने गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों की मान्यता रद्द करने को कहा है, जबकि ऐसा कोई आदेश अदालत ने जारी नहीं किया। दिल्ली



गुरुद्वारा कमेटी गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है और इस पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। कर्मचारियों के वेतन एवं बकाया के लिए अब तक 55 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है व इस प्रकार कर्मचारियों का कोई वेतन बकाया नहीं है, सभी का समय पर भुगतान कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मंजीत सिंह जी.के. व परमजीत सिंह सरना का एकमात्र उद्देश्य कौम और पंथ की संस्थाओं को बदनाम करना है। हमारे खिलाफ बोलने से पहले जी.के व सरना स्वयं पर लगे आरोपों का जवाब संगत को दें जिसके चलते वह एक-दूसरे को आए दिन कोसते रहते थे, उन सभी आरोपों को क्या हुआ। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि परमजीत सिंह सरना के समय शिक्षकों को 8-8 माह का वेतन नहीं मिलता था। इसी तरह मनजीत सिंह जी.के. शिक्षण संस्थानों से पैसे लेते रहे। उन्होंने जीटीबी कॉलेज से पैसे लिए व कमेटी के खजाने में से 10 लाख रुपये नगद लिए जिस मामले पर कुछ समय पहले ही एफ.आई.आर दर्ज हुई है।



वजीरपुर वार्ड में घर-घर जाकर लोगों को 11 जून सुबह 10 बजे रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में पहुंचने के लिए आमंत्रित करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।



दिल्ली नगर निगम के वार्ड-56 में मलेरिया विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल शर्मा, लोकेश वोहरा व अन्य।

# आदर्श नगर एक्सटेंशन में लगाया गया हाउस टैक्स कैंप







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर एक्सटेंशन के शिव मंदिर में निगम पार्षद मुकेश गोयल के अथक प्रयासों से हाउस टैक्स कलैक्शन कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर आरडब्ल्यए आदर्श नगर एक्सटेंशन के प्रधान सुरेश गोयल बल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि हाउस टैक्स कैंप में आनलाईन टैक्स जमा किया गया। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की पुरानी हाउस टैक्स आईडी नहीं थी उनकी नई आईडी बनाकर हाउस टैक्स जमा करवाया गया। इस मौके पर निगम पार्षद मुकेश गोयल के अलावा आरडब्ल्यूए आदर्श नगर एक्सटेंशन के प्रधान सुरेश गोयल बल्ला, उपप्रधान विजय गोयल, कार्यवाहक महासचिव अशोक जिन्दल, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद मित्तल, नवीन जैन कार्यकारिणी सदस्य, विशेष सहयोगी विजय गुप्ता, विशेष सहयोगी संदीप सिंघल, रजत गुप्ता, एमसीडी से अजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि सभी को समय से हाऊस टैक्स जमा करवाना चाहिए। इस अवसर पर हाउस टैक्स कैंप में आये हुए गणमान्य लोगों का आरडब्ल्यूए के कार्यवाहक महासचिव अशोक जिन्दल ने धन्यवाद किया।

## विश्व भूगर्भ जल दिवस पर जल संरक्षण एवं संवर्धन का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेख संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में विश्व भूगर्भ जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि इस समय जो लोग भूगर्भीय जल का निर्ममता पूर्वक दोहन कर रहे हैं वे मानवता के सबसे बडे शत्रु हैं। श्री वत्स ने कहा कि औद्योगिकीकरण के बढने से रासायनिक पदार्थों युक्त जल के भूमि में और नदियों में जाने से पेयजल की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ा है।

# शाह तख्त सच्चखंड श्री हजूर साहिब में हुए नतमस्तक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** ग्रह मंत्री अमित शाह तख्त सच्चखंड श्री हजूर साहिब महाराष्ट्र में नतमस्तक हुए। उनके साथ भाजपा के सिक्ख नेता सरदार मनजिन्द्र सिंह सिरसा भी थे। उन्होंने महाराष्ट्र में से मुहिम शुरू करने से पहले अकाल पुरुष का आशीर्वाद लिया। श्री शाह ने देश के लोगों की बेहतरी और सुरक्षा और देश की खुशहाली और तरक्की के लिए अरदास की। तख्त सच्चखंड श्री हजूर साहिब सिक्ख कौम का बहुत ही सत्कार वाला स्थान है जिसको अकाल पुरुष की शक्ति का केंद्र भी माना जाता है। श्री सिरसा ने बताया कि गृह मंत्री देश के लोगों को बेहतरीन संभव सेवाएं दे कर लोगों की सेवा करने के लिए आशीर्वाद लेने आए थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2024 की पार्लिमानी चुनाव के लिए महाराष्ट्र में अपनी चुनावी मुहिम शुरू करने से पहले अकाल पुरुष का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने पहले ही भाजपा को बड़ा फतवा देने का मन बना लिया है और भाजपा की शिखर की लीडरशिप ने आज तख्त सच्चखंड श्री हजूर साहिब में नतमस्तक होकर मुहिम की शुरूआत की है।
इस मौके उनके साथ महाराष्ट्र के उपमुख्य मंत्री दविन्द्र फडवीस, तख्त श्री हजूर साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रमुख पी.एस पसरीचा, जसबीर सिंह धाम व अन्य गणमानय मौजूद थे।



नरेला की प्रमुख सामाजिक संस्था फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी ने अपने पदाधिकारी नरेश कुमार सैनी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली का जन्मदिन







**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**जिला** केशवपुरम भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर क्षेत्र के राजनीतिक लोगों के अलावा सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी देवराज कोली को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवराज कोली को जन्मदिन की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला कार्यालय मंत्री महेन्द्र तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा, भाजपा नेता उमाकांत शर्मा, पूर्व निगम प्रत्याशी सोनिया कोली व परिवार के सदस्यों के अलावा कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी। इस मौके पर देवराज कोली ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं।

## समाजसेवी स्वर्गीय राज कुमार खन्ना की नौवीं पुण्यतिथि पर बांटे तरबूज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**समाजसेवी** स्वर्गीय राज कुमार खन्ना की नौंवी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और स्वर्गीय श्री खन्ना का पसंदीदा फल तरबूज क्षेत्र में बाँटे गए। इस मौके पर ही स्वर्गीय श्री खन्ना की धर्मपत्नी आशा रानी पुत्र वधू सुषमा रानी और पोते अक्षय और अंश उपस्थित थे।
स्वर्गीय श्री खन्ना के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार राजेश खन्ना ने बताया कि उनके पिता स्वभाव से बेहद सरल थे। गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।
स्वर्गीय श्री खन्ना ईमानदारी और सच्चाई के पथ पर चलने वाले इंसान थे। स्वर्गीय आर के खन्ना



के सुपुत्र पत्रकार राजेश खन्ना ने बताया कि उन्होंने कभी भी जीवन में किसी का बुरा नहीं किया हमेशा उनके मन में समाज के प्रति अच्छे विचार रहते थे। गरीबों और असहाय लोगों की मदद के लिए तैयार रहते थे। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए पत्रकार राजेश खन्ना पिछले 19 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र सेवा में जुटे हुए है।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे 9 सालः कृष्ण

## प्रबुद्धवर्ग टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। प्रधानमंत्री मोदी** के कुशल नेतृत्व में दुनियाभर में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। विश्व में भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज भारत आर्थिक क्षेत्र में विश्व में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। और इसी भाव के साथ हम आगे




भी जनता की सेवा करेंगे। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज शनिवार को एनएचपीसी चौक स्थित रॉयल ग्रीन गार्डन में आयोजित प्रबुद्धवर्ग टिफिन पे चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में हरियाणा के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा तथा बड़खल विधायक सीमा त्रिखा भी उपस्थित रहीं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार चुनी। इसका ही नतीजा है की देश आज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। आज भारत ग्लोबल लीडर बनने की रेस में शामिल है। पिछले 9 सालों में देश के नौ लाख गांव में फाइबर इंटरनेट की सेवा मोदी सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है। यह कदम डिजिटल इंडिया के सपने को हकीकत में बदल रहा है। पिछले 70 सालों में देश में सिर्फ 400 मेडिकल कॉलेज थे परंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सिर्फ 9 सालों में 300 अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। पहले मेडिकल सीट की संख्या पूरे देश में सिर्फ 80 हजार थीं। पिछले 9 साल में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से यह संख्या बढ़कर एक लाख 80 हजार हो गई है। आज देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। हमारी सरकार आने से पहले देश के ऐसे पांच शहरों में मेट्रो की सेवा उपलब्ध थी परंतु आज 23 शहरों में मेट्रो रेल की सेवा उपलब्ध है। यह संख्या निरंतर आगे बढ़ेगी। पहले भारत 8 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों से आयात करता था। परंतु आज भारत 3 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है जिससे हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी के के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर जम्मू कश्मीर को भारत से पूर्ण रूप से जोड़ दिया। आज हमारी सेना का 70% मिलिट्री इक्विपमेंट भारत में ही बन रहा है जिसके कारण हमारे देश के लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसी प्रकार प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हरियाणा को देश का अव्वल राज्य बनाने के लिए समर्पित है। पहले प्रदेश के युवाओं को नौकरी प्राप्त करने के लिए खर्ची या पर्ची की सहायता लेनी पड़ती थी परंतु मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में जो व्यवस्था परिवर्तन की है उसके कारण आज प्रदेश के युवाओं को बिना किसी खर्ची या पर्ची नौकरियां योग्यता के आधार पर प्राप्त हो रही हैं। 2014 से पहले प्रदेश के 6500 गांव में से सिर्फ 600 गांव को ही 24 घंटे बिजली प्राप्त होती थी परंतु मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के सफल प्रयासों के कारण आज 5600 गांवों को 24 घंटे बिजली प्राप्त हो रही है। हरियाणा के परिवहन मंत्री ने कहा कि पिछले 9 सालों में देश और प्रदेश में बहुत विकास हुआ है। पिछले 9 सालों में देश और प्रदेश में बहुत विकास हुआ है। फरीदाबाद में अब तक तीन हाईवे बन चुके हैं और चौथा निमार्णाधीन है। साथ ही फरीदाबाद की कनेक्टिविटी जीवन में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सिर्फ आधे घंटे की होगी जो औद्योगिक नगरी के लोगों के लिए लाभदायक और बेहतर सुविधा मुहैया करवाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हरियाणा के आयुक्त राज कुमार मक्कड़ 11 जून को लगाएंगे खुला दरबार

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता विभाग हरियाणा के आयुक्त श्री राज कुमार मक्कड़ आगामी 11 जून को प्रातः 7.30 बजे से 12 बजे तक खेल परिसर, सैक्टर-12, फरीदाबाद में साइबर क्राइम के प्रति लोगो को जागरुक करने के उद्देश से " के नाम से दिव्यांग जनों के साथ, उनकी रेट्रो फिटीड स्कूटी के साथ अवेयरनेस राइड कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह अवेयरनेस राइड 11 जून 2023 को ( रविवार ) , सुबह 7:30 बजे , सेक्टर- 12, स्थित - खेल परिसर से शुरू होगी - सेक्टर 8 वाईएमसी चौक, बाटा मोड़, हार्डवेयर चोक, बी के चोक, भगत सिंह चौक से सेक्टर 21 अ महिला थाना, सीपी ऑफिस, बड़खल मोड़ से वापिस सेक्टर 12 खेल परिसर में यात्रा समाप्त होंगी। इसके पश्चात सेक्टर 16, सर्किट हाउस में सुबह 10:30 बजे हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ दिव्यांगजन के लिए खुला दरबार लगाएंगे व एनजीओ के साथ मीटिंग करेंगे और प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे।

### अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की जा रही है शुरू

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। डीसी विक्रम** सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शुरू की जा रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में केन्द्र सरकार के मंत्रालय प्रबंधन पेशेवर क्षेत्रों में मंत्रालय द्वारा चिन्हित संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की योजना को लागू कर रहा है। डीसी विक्रम ने आगे बताया कि चिकित्सा / विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, मानविकी, कानून और सामाजिक विज्ञान के लिए यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत 2021-22 से पहले कुल 1000 छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया था। वहीं 2021-22 के प्रभाव से, सभी अनुसूचित जनजाति के छात्र जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय रुपये से अधिक नहीं है। वे आवेदक 6 लाख छात्रवृत्ति के पात्र हैं। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि पाठ्यक्रम प्रधान-2 योजना के दिशा-निदेर्शों की एक प्रति और 252 अधिसूचित संस्थानों की सूची सूचना के लिए भेजी गई है। जहां अधिकार क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय निकायों के माध्यम से प्रचार किया जाए ताकि अधिक से अधिक अनुसूचित जनजाति के छात्र इस योजना का लाभ उठा सकें।

### विद्यार्थियों को कमाई करते हुए पढ़ाई करने का अवसर देती है इग्नू

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। डीसी विक्रम** सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में इग्नू में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफिशियल वेबसाइट इग्नूएडमिशनडॉटसमर्थडॉटइडीयूडॉटईन पर जाकर कर सकते हैं। इग्नू में एडमिशन की अंतिम तिथि 30 जून है। बता दें कि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है, तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है। इग्नू में जुलाई 2023 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है। इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक से मिली जानकारी के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में युवा अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बनना चाहता है और इग्नू ऐसे सभी युवाओं को मौका देती है, जो अपने काम काज के साथ-साथ इग्नू से उच्च शिक्षा भी ले सकते हैं।

# दिव्यांग बेटियों के लिए आगे आए समाजः मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)। श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय के मंच से शुक्रवार को "सेल्फी विद डॉटर" के विशेष अभियान का आगाज हुआ। यह अभियान दिव्यांग बेटियों को समर्पित किया गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्यातिथि अपने संदेश में कहा कि बेटी ईश्वरीय उपहार है। जहां बेटी है, वह संपूर्ण परिवार है। उन्होंने दिव्यांग बेटियों को दुलार और प्यार देने का आह्वान करते हुए हमेशा उनकी मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दिव्यांग बेटियों को सम्मान देना समाज का कर्तव्य है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने दिव्यांग बेटियों के मर्म को समझा और "सेल्फी विद डॉटर" अभियान को दिव्यांग बेटियों को समर्पित कर एक अनुकरणीय पहल की है। सामाजिक और भावनात्मक तौर पर दिव्यांग बेटियों के लिए संबल बनने की पहल पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू को विशेष बधाई दी। उन्होंने शपथपूर्वक दिव्यांग बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने की ताकीद भी की। दिव्यांग बेटियों को समर्पित "सेल्फी विद डॉटर" अभियान के लिए मुख्यमंत्री श्री



मनोहर लाल ने इस अभियान के प्रवर्तक सुनील जागलान को विशेष बधाई दी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए बेटियों को सशक्त बनाने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि बेटियों के साथ लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह एक गलत मानसिकता है कि बेटियां बेटों के बराबर काम नहीं कर सकती, बल्कि लड़कियों को जो दायित्व दिया जाता है उसके परिणाम और भी बेहतर आते हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि बेटियों को सशक्त और सक्षम बनाना पूरे समाज का दायित्व है और दिव्यांग बेटियों के प्रति हमारा कर्तव्य और ज्यादा बढ़ जाता है। "सेल्फी विद डॉटर" अभियान के लिए उन्होंने सुनील जागलान की सराहना की और इस अभियान में विशेष प्रेरणा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार ज्ञापित किया। "सेल्फी विद डॉटर" अभियान के प्रवर्तक सुनील जागलान ने कहा कि समाज में बेटियों को बराबर का सम्मान मिलना चाहिए। बेटियों से जुड़े अनछुए पहलुओं पर समाज को खुलकर बात करनी चाहिए। सुनील जागलान ने दिव्यांग बेटियों की बेहतरी के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की पहल के प्रति आभार जताया। इससे पूर्व श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. ज्योति राणा ने दिव्यांग बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने की शपथ दिलाई। शपथ में देश के कई हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग जुड़े। ऑनलाइन माध्यम से अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल, स्पेन और पुर्तगाल से भी कई लोगों ने शपथ ग्रहण की। प्रो. ज्योति राणा ने कहा कि दिव्यांग बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में हम जितना भी सहयोग कर पाए, वह हमारी सामाजिकता को सार्थक करेगा।

# क्राइम ब्रांच ने बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों को मध्यप्रदेश से तलाश कर उनसे मिलवाया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)। डीसीपी क्राइम** मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व उनकी टीम ने मानसिक रूप से कमजोर एक बुजुर्ग को उनके परिजनों तक वापस पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को कल एक बुजुर्ग बाटा मेट्रो स्टेशन पर के पास लावारिस हालत में मिला जिससे पूछताछ करने पर वह सही से जवाब नहीं



दे पा रहे थे जिसके पश्चात उन्हें ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ले जाया गया और उनकी देखभाल करके उनसे उनके परिजनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई। काफी देर पूछताछ करने पर पुलिस को उनके परिजनों की मध्यप्रदेश के तिल्लोर गांव में होने की सूचना मिली जिसके पश्चात पुलिस ने उनके परिजनों से संपर्क किया और उनकी पहचान करवाई तो उसके परिजनों ने उनकी पहचान कर ली।

### हवाबाजी के लिए देसी पिस्टल रखता था आरोपी

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इकबाल है जो फरीदाबाद के गौछि गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को कल मुजेसर एरिया से गिरफ्तार कर लिया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई।

# इंस्पेक्टर ने वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। हरियाणा** सरकार द्वारा मनाए जा रहे हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के मार्गदर्शन में सेक्टर 8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन ने सेक्टर 3 के वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें साइबर अपराध के बारे में जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सुरक्षा के मद्देनजर सेक्टर 8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने सेक्टर 3 के वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की और उन्हें साइबर ठगों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी विभिन्न प्रकार के बहाने बनाकर उनसे उनके बैंक खातों की जानकारी लेने की कोशिश करेंगे इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि किसी भी अनजान नंबर से फोन आने पर उन्हें अपने बैंक खाते, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंश्योरेंस पॉलिसी के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी प्रदान करें। इसके साथ ही इंस्पेक्टर नवीन ने बताया कि एरिया में रह रहे वरिष्ठ नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उन्हें किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। बुजुर्गों की दवा पानी या देखभाल के लिए वरिष्ठ नागरिक कमेटी बनाई गई है जो बुजुर्गों का पूरा ध्यान रखती है। इसके साथ ही अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के विषय में पुलिस से संपर्क करे। वरिष्ठ नागरिकों घर पर अकेले रहते हैं और यदि उन्हें कोई मेडिकल इमरजेंसी हो जाती है तो वह बाहर जाकर अपनी तकलीफ किसी को बताने में असमर्थ होते हैं। इस दशा में वह वरिष्ठ नागरिक सेल या थाने के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस उनकी सहायता के लिए तुरंत उपस्थित होगी और उन्हें आवश्यक सहायता दी जाएगी। वरिष्ठ नागरिक कमेटी द्वारा वृद्धजनों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना। फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन नंबर 7290010000 के बारे में जानकारी दी।

# इंस्पेक्टर ने सामाजिक मुद्दों के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)। पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के मार्गदर्शन के तहत एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता ने हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत शहर वासियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस विभिन्न स्थानों पर आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक कर रही है। इसी के अंतर्गत एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने आज एनआईटी एरिया में जाकर विभिन्न स्थानों पर आमजन को



महिला व बाल अपराध, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति व साइबर अपराध जैसे सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करते हुए जानकारी प्रदान की। पुलिस टीम ने आमजन को जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में डिजिटलाइजेशन बहुत अधिक बढ़ गया है जिसके साथ साथ साइबर अपराध का खतरा भी मंडराने लगा है साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर भोले भाले नागरिकों के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं परंतु इसके प्रति जागरूक होकर हम साइबर अपराधियों के चंगुल से बच सकते हैं और साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक होकर अपने साथियों को भी इससे बचा सकते हैं। इसके साथ ही महिला व बाल अपराध के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने इस प्रकार के अपराधों के बारे में पुलिस को तुरंत जानकारी देकर उस महिला या बच्चे की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया। महिला सुरक्षा के संबंध में 1091 नंबर के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा व नशा विरुद्ध अभियान के प्रति आमजन को जागरूक करके अपने साथियों को इससे बचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# मानव रचना स्कूलों में शिक्षक विकास कार्यशालाओं का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। मानव रचना** इंटरनेशनल स्कूलों की फरीदाबाद सहित सभी आठ शाखाओं में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान शिक्षक विकास कार्यशालाओं का आ?ोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में स्कूलों के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों की जानकारी और कौशल को बेहतर बनाने के लिए आयोजित की गई कार्यशालाओं में समावेशी कक्षाएं लेने, आयु व रूचि के मुताबिक पढ़ाने, कहानी के जरिए समझाने, छात्रों संग बेहतर संवाद स्थापित करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल्स



की निदेशक सुश्री संयोगिता शर्मा ने कहा कि 21वीं सदी के मुताबिक छात्रों में कौशल विकसित करने के लिए प्रगतिशील और अत्याधुनिक शिक्षण पद्धति को अपनाना बेहद जरूरी है। इसलिए शिक्षकों के इनसे परिचित कराने के लिए कार्यशालाएं आयोजित हुई हैं। एमआरआईएस आईबी सेक्टर-14 प्रमुख सुश्री रितु दुबे ने प्रारंभिक शिक्षकों के लिए संवाद- आधारित पद्धतियों पर जानकारी दी। वाइस-प्रिंसिपल डॉ. शालिनी बिंद्रा ने 21वीं सदी में पढ़ाई के साथ कौशल निखारने की प्रक्रिया पर चर्चा की। वहीं प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के शिक्षकों को योग्यता आधारित शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस सत्र को एमआरआईएस सेक्टर 46 गुरुग्राम की हेडमिस्ट्रेस सुश्री मालबिका चट्टोपाध्याय सहित डॉ. शिवानी बख्शी और सुश्री संध्या अरोड़ा ने संबोधित किया। एनसीईआरटी में ग्रुप विद स्पेशल नीड्स के शिक्षा विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनुपम आहूजा ने कक्षा में समावेशी शिक्षा पर विचार रखे। जबकि एमआरआईएस नोएडा परामर्श और कल्याण विभागाध्यक्ष अभय कुमार वी ने नियमित कक्षाओं में समावेशी शिक्षा और होने वाले भेदभाव पर बात करते हुए इसे दूर करने के उपाय सुझाए। एमआरआईएस चार्मवुड की वाइस प्रिंसिपल सुश्री सुरभि जोशी ने सत्र में भाषा प्रवीणता पर संबोधित किया। कार्यक्रम प्रमुख सुश्री अर्चना पणिक्कर ने प्रभावी सत्र योजना और कक्षा में संवाद की रणनीति पर जानकारी दी। कंसल्टेंट और फ्यूचर स्किल्स एंड सस्टेनेबिलिटी एमआरआईएस लीड सुश्री रचना मिश्रा ने कक्षा सेटअप में कक्षा प्रबंधन पर बात करते हुए नई शिक्षा नीति पर विस्तार से जानकारी दी। कहानीकार डॉ. शिवानी कनोडिया ने विशेष सत्र लिया जिसमें कहानी के जरिए पाठ्यक्रम को रुचिकर बनाने के बारे में बताया।

# सरकार लोकतंत्र से चलती है लाठी, डंडे और गोलियों से नहीं : निर्मल सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ कुरुक्षेत्र। हरियाणा** में कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में भाजपा सरकार ने एक बार फिर अपना किसान विरोधी चेहरा दिखाया है। ऐसा कहना है आम आदमी पार्टी के नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी व वरिष्ठ नेता निर्मल सिंह का। वे शनिवार को शाहबाद में किसानों के चल रहे धरने पर पहुँचे आम आदमी पार्टी के नेता निर्मल सिंह ने कहा की मै स्वयं एक किसान हूं और पूरी आम आदमी पार्टी 12 तारीख को पीपली में होने वाली किसान महापंचायत में धरने के समर्थन का ऐलान करती है। उन्होंने कहा की भारतीय किसान यूनियन द्वारा मुख्य माँगो जिसमे एमएसपी व किसानों पर हुए लाठीचार्ज में दर्ज मुकदमे वापिस लेने की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी इसका पूर्ण रूप से समर्थन करती है, सरकार को तुरंत प्रभाव से भारतीय किसान यूनियन की सभी मांगों को मानना चाहिए ।उन्होंने कहा की इसको पूरा देश देख रहा है की सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर गई है, हरियाणा में तो किसानों पर लाठीचार्ज की घटनाएं आम हो गयी हैं। निर्मल सिंह ने सरकार को चेतावनी दी कि किसान की हाय इस सरकार को बहुत महंगी पड़ेगी एक-एक लाठी का जवाब देना होगा। क्या सरकार ये चाहती है कि किसान फिर से आंदोलन के रास्ते पर आयें। उन्होंने आम आदमी पार्टी पार्टी की तरफ से मांग करते हुए कहा कि हरियाणा समेत पूरे उत्तर भारत में एमएसपी पर सूरजमुखी की खरीद की जाए। 6 जून को जिन किसानों को सरकार ने हिरासत में लिया है, उनको तुरंत रिहा किया जाए। लाठीचार्ज में घायल हुए किसानों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाए और किसान आंदोलन के समय स्वयं प्रधानमंत्री ने किसानों से एमएसपी कमेटी का वादा किया था, उसका ठीक ढंग से क्रियान्वयन करके एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए।

## न्यूज फ्लैश

### हावड़ा के केमिकल फैक्ट्री में लगी आग

**कोलकाता:** हावड़ा जिले के डोमजूर इलाके की केमिकल फैक्ट्री में शनिवार अपराह्न आग लग गई है। घटना डोमजूर थाना क्षेत्र के सरस्वती कॉम्प्लेक्स की है। यहां मौजूद केमिकल फैक्ट्री से धुएं का गुबार और आग की लपटें निकलती देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। अग्निशमन विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय केमिकल फैक्ट्री में कई लोग काम कर रहे थे लेकिन आग फैलने से पहले सभी सुरक्षित बाहर निकल गए। पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाया। फैक्ट्री के अंदर ज्वलनशील सामान की अधिकता की वजह से आग तेजी से फैलती चली गई। आग बुझाने का काम जारी है।

### भाजपा व्यापारियों के हितों लिए हर समय रहती है तैयार: जितिन

**टीम एक्शन इंडिया/फर्रूखाबाद**
व्यापारियों के हितों लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर समय तैयार रही है। यह बातें शनिवार को लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद कायमगंज के सीपी गेस्ट हाउस में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बोल रहे थे। व्यापारी सम्मेलन में व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग भी पहुंचे थे। पीडब्लूडी मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों के हितों के लिए काम करती आई है और करती रहेगी। उनके उद्बोधन से व्यापारी जोश से भर गए और भाजपा सरकार की जय-जयकार करने लगे। सम्मेलन में मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने संबोधन में कहा कि मोदी कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन नौ वर्षों में देश ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे वह कोई भी विभाग क्यों न हो, सभी ने अभूतपूर्व कार्य किया है और देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इसके साथ ही व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्य अतिथि रविकांत गर्ग ने कहा कि निश्चित तौर पर व्यापारी देश की समृद्धि में अपना अहम योगदान देते हैं। मोदी सरकार ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए तमाम योजनाएं लागू की हैं जिसका व्यापारी सीधा लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भाजपा नेत्री मिथिलेश अग्रवाल, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ विकास शर्मा, जिला मंत्री अवनीश चतुवेर्दी, अवधपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष मोनिका यादव समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

### लगातार तीसरे दिन घुसा पाक ड्रोन

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
पंजाब के सरहदी जिले अमृतसर में लगातार तीसरे दिन पाकिस्तानी ड्रोन घुसा। 10 दिनों में यह 11वीं कोशिश है, जब पाकिस्तानी ड्रोन ने भारतीय सीमा लांघी है। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएप के जवानों ने ड्रोन को डिटेक्ट करने के बाद सर्च अभियान चलाया और खेतों में ड्रॉप की गई 38 करोड़ रुपए की हेरोइन को जब्त करने में सफलता हासिल की है। घटना अमृतसर के सरहदी गांव राय की है। लगातार दूसरा दिन है जब पाकिस्तानी तस्करों ने तकरीबन 5 किलो के करीब हेरोइन को गांव राय में ड्रॉप किया है। बीएसएफ की तरफ से सांझा की गई जानकारी के अनुसार रात जवान गश्त पर थे। इसी दौरान ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जैसे ही जवानों ने ड्रोन को निशाना बनाने का प्रयास किया।

# किसी ने मार कर तंदूर में जलाई लाश....

## तो कहीं इंसानी दिमाग खा गया हत्यारा..सिर चकरा देने वाली हैं ये स्टोरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** बीते कुछ समय से कई ऐसे मामले देखने को मिले हैं जिसने लोगों को ये सोचने पर मजबूर कर दिया कि कोई व्यक्ति ऐसा भी कर सकता है। हाल ही में हुए श्रद्धा हत्याकांड़ में जिस तरह से आफताब अमीन पूनावाला ने उसके शव के टुकड़े किए और फिर ठीक उसी तर्ज पर बीते कुछ दिन पहले ही महाराष्ट्र के ठाणे से सरस्वती वैद्य की हत्या का मामला भी सामने आया, जिन्होंने प्यार जैसे शब्द पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले अगर में हम 90 के दशक की बात करें तो भी ठीक श्रद्धा और सरस्वती जैसे ही हुबहु मामले सामने आए हैं। जिन्होंने उस समय भी लोगों के दिल और दिमाग को हिला कर रख दिया था। आज हम इस खबर के माध्यम से इन्हीं हत्याओं के बारे में बताएंगे।

**नैना साहनी हत्याकांड (तंदूर कांड 2 जुलाई 1995):** दो जुलाई, 1995 में नैना साहनी को उसके पति सुशील शर्मा ने मार डाला। सुशील शर्मा कांग्रेस का युवा नेता और दिल्ली में विधायक था। सुशील को नैना के मतलूब खान से रिश्तों पर ऐतराज था। मतलूब और नैना एक-दूसरे को स्कूल के दिनों से जानते थे। घटना के दिन सुशील ने नैना को मतलूब से फोन पर बात करते हुए देख लिया था। वह गुस्से से भर उठा और नैना को गोली मार दी। इसके बाद वह नैना की बॉडी लेकर एक रेस्टोरेंट में गया और वहां के मैनेजर के साथ मिलकर बॉडी ठिकाने लगाने की सोची। बॉडी को राख में तब्दील करने के मकसद से तंदूर में रख दिया गया। बाद में पुलिस ने रेस्टोरेंट मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन शर्मा भागने में कामयाब रहा। बाद में उसने आत्मसमर्पण कर दिया।

**अनुपमा गुलाटी हत्याकांड-17 अक्टूबर 2010:** देश की राजधानी दिल्ली में हुए श्रद्धा मर्डर केस ने देहरादून के चर्चित अनुपमा गुलाटी हत्याकांड को एक बार ताजा कर दिया है। देवभूमि की शांत दून घाटी में 2010 में एक ऐसी वारदात हुई, जिसने पूरे देहरादून ही नहीं देश को भी झकझोर कर रख दिया था। 17 अक्टूबर 2010 को अनुपमा के पति राजेश गुलाटी ने उसकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। सिर्फ इतना ही नही दरिंदगी की हदें बार करते हुए राजेश ने शव के 72 टुकड़े कर डीप फ्रीजर में रख दिए थे। अपनी बहन का कोई हाल चाल न मिलने पर जब भाई सूरज 12 दिसंबर 2010 को दिल्ली से देहरादून पहुंचा तो जघन्य हत्याकांड का खुलासा हुआ। 2011 में इस प्रकरण में देहरादून पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। अपने जुर्म को छुपाने के लिए राजेश ने एक डीप फ्रीजर खरीदा और अनुपमा के शव को उसमे रख दिया था। जब शव बर्फ में जम गया तो स्टोन कटर मशीन से अनुपमा के शव के टुकड़े किए और धीरे-धीरे मसूरी के जंगलों में फेंक दिए। 2017 में देहरादून के जिला सत्र न्यायालय ने इस घटना को जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा और हत्यारोपी राजेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और 15 लाख का आर्थिक दंड भी लगाया था।

**गीता और संजय फिरौती मामला, 1978:** 26 अगस्त, 1978 का दिन हिंदुस्तान कभी नहीं भुला पाएगा, जब दिल्ली की होनहार लड़की गीता और प्रतिभाशाली लड़के संजय चोपड़ा को दो बदमाशों रंगा-बिल्ला ने मौत की नींद सुला दिया था। दोनों रिश्ते में भाई-बहन थे। गीता को एक बार ऑल इंडिया रेडियो से एक ऑफर आ गया।

### निठारी कांड, 2006

**साल** 2006 में निठारी गांव की कोठी नंबर डी-5 से 19 बच्चों और महिलाओं के मानव कंकाल मिले थे। वहीं, कोठी के पास नाले से बच्चों के अवशेष भी मिले थे। इस निठारी कांड का खुलासा लापता लड़की पायल की वजह से हुआ था। उस समय यह मामला काफी सुर्खियों में रहा था। कहा गया था कि यहां से मानव शरीर के हिस्सों के पैकेट मिले थे, साथ ही नरकंकालों को नाले में फेंका गया था। उत्तराखंड का रहने वाला सुरेंद्र कोली डी-5 कोठी में मोनिंदर सिंह पंढेर का नौकर था। परिवार के पंजाब चले जाने के बाद दोनों कोठी में रह रहे थे। इस मामले में मुख्य अभियुक्त सुरेंद्र कोली को मौत की सजा सुनाई गई थी। साथ ही इस मामले के आरोपी मोनिंदर सिंह पंधेर को देह व्यापार के धंधे में दोषी पाए जाने पर 7 साल की सजा सुनाई गई थी।

### भारत की पहली महिला सीरियल किलर

**साइनाइड** मल्लिका के नाम से मशहूर भारत की पहली महिला सीरियल किलर की जिसने बेंगलूरु के एक मंदिर को अपने गुनाहों का ठिकाना बनाया। ये वो हैवान थी जिसने इंसान तो छोड़ो अपने लालच के चक्कर में भगवान को भी नहीं छोड़ा। बैंगलोर में एक मंदिर में केडी केमपम्मा नाम की महिला रहती थी। ये खुद को भगवान की सबसे बड़ी भक्त कहती थी। ये दावा करती थी कि मंदिर ले जाकर ये महिलाओं के सारे दुख-दर्द दूर कर देगी। ये खुद को भगवान का मसीहा बताती थी। वो महिलाओं को विश्वास दिलाती थी कि उसके पास वो साधना है जिसकी बदौलत वो उनकी ज़िंदगी में सुख ला देगी। केडी केमपम्मा मंदिर में पूजा पाठ करती, लेकिन इसकी नजर मंदिर में आने वाली अमीर महिलाओं पर होती।

## पर्वतारोही जवानों को सीएम ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भागीरथी-2 चोटी का पर्वतारोहण कर लौटे एन.डी.आर.एफ के जवानों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पर्वतारोही दल का ध्वज ग्रहण कर इस अभियान का विधिवत समापन किया। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एनडीआरएफ के सभी जवानों को इस कठिन अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान करने से आने वाली चुनौतियों का सामना करने में आसानी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पर्वतीय क्षेत्रों में जब भी रेस्क्यू ऑपरेशन की बात आती है तो सबसे पहले हमारी एस.डी.आर.एफ के साथ एन.डी.आर.एफ को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। राज्य में एन.डी.आर.एफ ने समय-समय पर आई प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सराहनीय कार्य किया है। देश के अलावा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में एन.डी.आर.एफ द्वारा तेजी से राहत एवं बचाव के कार्य किये जाते हैं।

हमारे इन जवानों की कार्यकुशलता सराहनीय है। महानिदेशक एन.डी.आर.एफ अतुल करवल ने कहा कि एनडीआरएफ के प्रथम पर्वतारोहण अभियान-2023 में अभियान दल द्वारा भागीरथी-2 का 30 मई 2023 को सफल आरोहण किया।

**ध्वज ग्रहण**

▪ इस तरह के अभियान करने से आने वाली चुनौतियों का सामना करने में आसानी होती है: सीएम धामी



हेमकुंड साहिब यात्रा को लेकर मार्ग ठीक करती हुई टीम।

### मिट्टी धंसकने से दो की मौत, चार को बचाया

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मसूखी सेवनिया इलाके के बालमपुर गांव में तालाब किनारे मिट्टी खोद रही महिलाएं खदान की मिट्टी धंसकने से उसके नीचे दब गईं। इनमें से चार महिलाओं को स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की टीम ने सुरक्षित निकाल लिया, जबकि एक महिला और एक किशोरी की मौत हो गई। ये सभी महिलाएं घर पोतने के लिए तालाब किनारे पीली मिट्टी की खुदाई कर रही थीं, तभी मिट्टी का ढेर उनके ऊपर आ गिरा। एसपी देहात किरण केरकता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हो गई।

## हेमकुंड साहिब की यात्रा निरंतर जारी : बिंद्रा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**हेमकुंड** साहिब यात्रा निरंतर जारी है। यात्रा बंद होने की बात पूरी तरह गलत है। यह जानकारी शनिवार को मैनेजमेंट कमेटी यात्रा श्री हेमकुंड साहिब के अध्यक्ष नरेन्दर जीत सिंह बिंद्रा ने दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्दर जीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि किसी व्यक्ति ने यह गलत सूचना पोस्ट की है कि श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा बन्द है, जो सरासर गलत है। यात्रा सुचारु रूप से चालू है। उन्होंने बताया की यात्रियों और सेवादारों के यात्रा को लेकर हौसले बुलंद हैं। राज्य एवं जिला प्रशासन ने यात्रा को सुचारु रूप से चलाने में अपनी पैनी नजर रखे हुए है और अपनी तरफ से यात्रा को सुचारु एवं सुगम बनाने में सहयोग प्रदान कर रही है। यात्रा करने वाले श्रद्धालु गुरुधाम के दर्शन कर बहुत खुश और संतुष्ट हैं। मैनेजमेंट कमेटी ने श्रद्धालुओं-यात्रियों से अनुरोध किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

**गुरू के दर पर**

▪ बिंद्रा ने कहा कि किसी व्यक्ति ने यह गलत सूचना पोस्ट की है कि श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा बन्द है, जो सरासर गलत है

## ...और खतरनाक होगा बिपरजॉय तूफान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अरब** सागर में आ रहा चक्रवात बिपरजॉय अगले 24 घंटे में और खतरनाक होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि यह अरब सागर में उत्तर-उत्तर पूर्वी तरफ बढ़ रहा है। रविवार या सोमवार तक इसके गुजरात पहुंचने की संभावना है। 10 से 12 जून तक 80 से 120 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके चलते आईएमडी ने गुजरात, केरल, कर्नाटक और लक्षद्वीप में मछुआरों को समुद्र में जाने से मना किया गया है। गुजरात के वलसाड में तीथल बीच को 14 जून तक के लिए बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि फिलहाल बिपरजॉय तूफान गुजरात के पोरबंदर से 640 किमी दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में केंद्रित है।

**तलाशी** दिल्ली, रोहतक, सोनीपत व झज्जर पहुंची पुलिस, रिश्तेदारों के घर भी खंगाले जा रहे

## गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के कई ठिकानों पर रेड



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा** के गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ व उसके साथियों के ठिकानों पर रोहतक पुलिस ने रेड की। दिल्ली, रोहतक, सोनीपत व झज्जर में पुलिस द्वारा सुबह से ही छापेमारी हुई। हिमांशु उर्फ भाऊ के खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। रोहतक पुलिस ने विशेष अभियान के तहत इनामी बदमाश हिमांशु उर्फ भाऊ निवासी रिटोली व उसके साथी साहिल निवासी रिटोली के स्थानों, रिश्तेदारों के घरों पर छापेमारी की है। पुलिस टीम गांव रिटोली, गूढान, सूंडान, बेरी, मांडौठी, भाली आनंदपुर, बवाना (दिल्ली), छारा (झज्जर), भैंसवाल (सोनीपत) व अन्य स्थानों पर पहुंची है

**2 माह पहले भी की थी छापेमारी:** पुलिस ने करीब दो माह पहले भी हिमांशु उर्फ भाऊ के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान दिल्ली व हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर कई जरूरी दस्तावेज बरामद किए, लेकिन उस समय भी हिमांशु उर्फ भाऊ की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। जिसके चलते अब फिर से छापेमारी की गई।

**17 मामले हैं दर्ज:** हिमांशु उर्फ भाऊ पर हत्या, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, अवैध हथियार, लूट, धोखाधड़ी, फिरौती आदि के कुल 17 मामले दर्ज हैं। जिनमें से जिला रोहतक में 10 व जिला झज्जर में 7 मामले दर्ज है। अभी हाल ही में गांव मोखरा के सरपंच से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार हिमांशु उर्फ भाऊ नेउ सने बाल अवस्था में ही पढ़ाई के साथ अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। 2020 में पहली बार गांव के ही एक युवक पर गोली चलाई थी। जिस वारदात के बाद उसे काबू किया गया था।

